26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : रविवार, 19 जुलाई , 2026

अंक- 265 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# सात साल का इंतजार खत्म!

## सिंधू ने जापान ओपन जीतकर रचा इतिहास, बनीं पहली भारतीय चैंपियन


**टोक्यो ( एजेंसी/चिंगारी )।** भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू ने आखिरकार अपने लंबे खिताबी इंतजार को खत्म करते हुए जापान ओपन 2026 का महिला एकल खिताब जीत लिया। टोक्यो में खेले गए बीडब्ल्यूएफ सुपर-750 टूर्नामेंट के फाइनल में सिंधु ने मेजबान जापान की विश्व नंबर-तीन अकाने यामागुची को सीधे गेमों में 21-17, 21-17 से हराकर इतिहास रच दिया। करीब 50 मिनट तक चले मुकाबले में सिंधु ने शुरुआत से अंत तक आक्रामक खेल दिखाया और यामागुची को वापसी का मौका नहीं दिया। इस जीत के साथ वह जापान ओपन का खिताब जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बन गईं। सिंधु के लिए यह जीत कई मायनों में खास रही। उन्होंने दिसंबर 2024 में सैयद मोदी इंटरनेशनल जीतने के बाद पहली बार कोई बीडब्ल्यूएफ टूर खिताब अपने नाम किया। वहीं, अगर सुपर-750 या उससे बड़े स्तर के टूर्नामेंट की बात करें तो सिंधु ने करीब सात साल बाद कोई बड़ा खिताब जीता है। उनका पिछला बड़ा खिताब 2019 विश्व चैंपियनशिप था, जिसमें उन्होंने स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा था।



MILLENNIUM PUBLIC SCHOOL
NAJIBABAD ROAD, KOTWALI DEHAT DISTT. BIJNOR
We Are Hiring
PRT (ALL SUBJECTS)
P.T.I. (B.P.Ed/M.P.Ed)
URDU & SANSKRIT
ENGLISH CONVERSATION
Fluency in English is essential Experienced candidate will be preferred
बिजनौर से कोतवाली देहात स्टाफ को लाने व ले जाने हेतु कुशल ड्राइवर (HEAVY DL) की आवश्यकता है
Email : mpskotwali@gmail.com Send Resume on the Given Number 8958800019,9634289199,8958800042


आवश्यकता
कम्प्यूटर टाइपिस्ट - दो
दो कम्प्यूटर टाइपिस्ट जो हिन्दी व इंग्लिश टाइपिंग में दक्ष हों। स्पीड 60 शब्द प्रति मिनट। एम.एस. एक्सल में पूर्ण दक्षता रखते हों। वेतन 20 हजार रुपये प्रतिमाह।
संपर्क करें- 9871947673


आदर्श आयुर्वेदा
गुप्त रोग घबरायें नहीं उचित इलाज करवायें
धात, सैक्स, नामर्दी, शीघ्रपतन, बेऔलाद, शुक्राणु की कमी
जबर्दस्त मर्दाना ताकत प्राप्त करें।
गठिया, बाय, जोड़ों व घुटनों के पुराने दर्द का आयुर्वेद दवाइयों द्वारा सफल इलाज।
पता- बैराज रोड, निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बिजनौर
मो. 7017484725 बुधवार पूर्ण अवकाश









# विवेक कॉलेज का बीबीए का रिजल्ट रहा शानदार

बिजनौर (चिंगारी)। विवेक कॉलेज बी.बी.ए. अंतिम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम एम.जे.पी.आर.यू. द्वारा आयोजित बी.बी.ए. अंतिम सेमेस्टर परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। घोषित परिणामों में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संस्थान का गौरव बढ़ाया है। बी.बी.ए. अंतिम सेमेस्टर में छात्रा नवनीत कौर एवं सामिया खान ने संयुक्त रूप से 88.16 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। भव्य जैन ने 86.5 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान तथा संस्कार प्रकाश राणा ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। सभी मेधावी विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त किया। प्रबंधन विभाग के प्राचार्य सर्वेश कुमार शीतल ने



कहा कि बी.बी.ए. का शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम शिक्षकों की समर्पित शिक्षण प्रक्रिया एवं विद्यार्थियों के अनुशासित तथा सतत परिश्रम का प्रतिफल है।

महाविद्यालय के अध्यक्ष अमित गोयल ने अपने संदेश में कहा कि संस्थान का उद्देश्य विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ उनके सर्वांगीण व्यक्तित्व एवं व्यावसायिक दक्षता का विकास करना है। सचिव दीपक मित्तल ने कहा कि महाविद्यालय का लक्ष्य विद्यार्थियों को कॉरपोरेट जगत की आवश्यकताओं के अनुरूप व्यावहारिक एवं तकनीकी रूप से दक्ष बनाना है। कोषाध्यक्ष धर्मेन्द्र अग्रवाल ने कहा कि यह उत्कृष्ट परिणाम संस्थान की सुदृढ़ शैक्षणिक व्यवस्था, शिक्षकों की प्रतिबद्धता तथा विद्यार्थियों की लगन और मेहनत का परिणाम है। कोऑर्डिनेटर डॉ. हितेश शर्मा ने बताया कि संस्थान का निरंतर प्रयास है कि बी.बी.ए. जैसे व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को उद्योग जगत की वर्तमान एवं भावी आवश्यकताओं के अनुरूप सक्षम, आत्मनिर्भर एवं प्रतिस्पर्धी बनाया जाए।

## विधायक ओमकुमार ने मृतक मजदूर के परिवार को 4 लाख का चैक सौंपा



**नहटौर (चिंगारी)**। ग्राम खंडसाल में जीरामजी (मनरेगा) के अंतर्गत मजदूरी करने में दौरान गहरे पानी में डूबने से हुई बलवेंदर सिंह सैनी की मौत के मामले में मृतक के परिजनों को विधायक ओमकुमार ने 4 लाख की आर्थिक मदद का चैक सौंपा।

शनिवार को विधायक ओम कुमार खडंसाल निवासी मृतक बलवेंद्र सैनी के आवास पर पहुंचे। विधायक ने दिवंगत के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोक संतप्त परिजनों से भेंट कर गहरी संवेदना व्यक्त की। विधायक ओम कुमार ने दैवीय आपदा राहत कोष के अंतर्गत चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता का चैक दिवंगत के परिजनों को प्रदान किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार दुःख की इस घड़ी में पीड़ित परिवार के साथ पूरी संवेदनशीलता के साथ खड़ी है। इस दौरान नायब तहसीलदार धामपुर राजकमल, लेखपाल ब्रह्म सिंह रवि, ग्राम प्रधान योगेश कुमार,जसवंत सिंह, मनोज सैनी, दीपक सैनी, ऋषिपाल सैनी, चमन सैनी, सुखवीर सैनी, चेतन आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

## ऑक्सफोर्ड स्कूल में हुई क्लास बोर्ड सज्जा प्रतियोगिता

**नहटौर (चिंगारी)**। ऑक्सफोर्ड पब्लिक सीनियर सेकेण्डरी स्कूल में डिस्प्ले व क्लास बोर्ड सजावट प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें सीनियर विंग से नेहरू व जूनियर विंग से मौलाना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। शनिवार को आयोजित प्रतियोगिता में चारों सदनों ने अलग-अलग शीर्षक द्वारा सुन्दर व आकर्षक प्रस्तुति दी गई। छात्र जीवन में विद्यालय, अभिभावक, समाज व सरकार' का क्या महत्व है। शीर्षक पर चारों सदन के छात्रों ने अपने-अपने सदन के लिए कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिसमें जूनियर विंग से मौलाना सदन ने प्रथम, नेहरू सदन द्वितीय व टैगोर सदन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा सीनियर विंग से नेहरू सदन ने प्रथम, मौलाना सदन ने द्वितीय एवं टैगोर व सुभाष सदन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। क्लास बोर्ड प्रतियोगिता के अन्तर्गत जूनियर विंग से कक्षा 1 (अ) व 5 (ब) ने प्रथम, कक्षा 2 (ब) व 4 (ब) ने द्वितीय तथा कक्षा 1 (ब) व 4 (अ) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य इदरीस अहमद ने सभी को शुभकामनाएं व आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। निर्णायक मंडल में शिक्षक तब्बसुम ज़ैदी व रणवीर सिंह रहे।



अन्तरसदनीय व क्लास डिस्प्ले बोर्ड सजावट प्रतियोगिता में शामिल छात्र।

## मिलेनियम की छात्रा तुबा अंसारी ने की नीट परीक्षा उत्तीर्ण

**कोतवाली देहात (चिंगारी)**। कोतवाली देहात ब्लॉक के ग्राम करौंदा पचदू की होनहार छात्र तुबा अंसारी पुत्री मोहम्मद आरिफ ने राष्ट्रीय पात्रता प्रवेश परीक्षा (नीट) में ऑल इंडिया रैंक 594 प्राप्त कर अपने गांव, स्कूल एवं जनपद बिजनौर का राष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन किया। तूबा अंसारी की इस उपलब्धि पर मिलेनियम स्कूल की चेयरपर्सन श्रीमती मीना सिंह प्रधानाचार्य अजय कुमार, उप-प्रधानाचार्या शालिनी चौहान, एडमिनिस्ट्रेटर अबुल कलाम कस्सार व सत्येंद्र कुमार ने उन्हें बधाई दी। इस उल्लेखनीय उपलब्धि से पूरे गांव में हर्ष का माहौल है। तुबा अंसारी ने कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प और नियमित अध्ययन के बल पर राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (NEET-UG) उत्तीर्ण कर एमबीबीएस में प्रवेश प्राप्त किया है। तुबा अंसारी ने अपनी शिक्षा मिलेनियम सीनियर स्कूल कोतवाली देहात से प्राप्त की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता पाने के लिए नियमित अध्ययन, आत्मविश्वास और धैर्य अत्यंत आवश्यक है।



बिजनौर में खुल गया है
ATHER
कम डाउन पेमेंट
कम ब्याज दर
ATHER
आज ही लायें एथर स्कूटर

इलेक्ट्रिक स्कूटर
के बादशाह
एथर का शोरूम
आवश्यकता है- धामपुर में मैनेजर एवं मैकेनिक की (केवल धामपुर वाले को वरीयता)
मो. 8192801901
Dhruvika Motors
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

# ज़मीन पर कब्जे की कोशिश की तो क़ब्र से भी निकाल लेंगे- योगी

**संभल ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को संभल में आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए भूमि कब्जा, कानून-व्यवस्था, विकास और धार्मिक स्थलों के पुनरुद्धार समेत कई मुद्दों पर अपनी बात रखी। इस दौरान उन्होंने जमीन पर कब्जा करने वालों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि अगर कोई किसी की जमीन पर कब्जे की कोशिश करेगा तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अगर कोई व्यक्ति आपकी जमीन पर कब्जे का प्रयास करेगा तो उसको कब्र से भी निकाल लेंगे। किसी ने ऐसा प्रयास किया तो कुछ ही मिनट में उसका काम तमाम हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि संभल श्रीहरि विष्णु की पवित्र धरा है। उन्होंने कहा कि 1526 में विदेशी आक्रांताओं ने इस पवित्र भूमि को अपवित्र किया। आक्रांता जब आते हैं तो वे केवल खजाना ही नहीं लूटते, बल्कि धर्म और संस्कृति को भी रौंदते हैं। उन्होंने कहा कि संभल के हरिहर मंदिर को तोड़ा गया, 68 तीर्थों को अपवित्र किया गया और 19 कूपों पर कब्जा कर लिया गया। संभल के अस्तित्व के साथ खिलवाड़ किया गया और लोगों को यातनाएं दी गईं। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 1976 और 1978 में संभल में दंगे हुए, जिनमें सैकड़ों लोगों की जान गई, लेकिन किसी को सजा नहीं मिली।

### डबल इंजन सरकार के काम गिनाए

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन सरकार है। संभल के 68 तीर्थों के पुनरुद्धार, 19 कूपों को पुनर्जीवित करने और 24 कोसीय परिक्रमा को आगे बढ़ाने का काम किया गया है। अब कोई इन कूपों पर कब्जा नहीं कर पाएगा और 24 कोसीय परिक्रमा को भी कोई नहीं रोक पाएगा। उन्होंने भगवान विष्णु की भूमि को नमन करते



हुए कहा कि उन्हें 51 फीट ऊंची भगवान राम की प्रतिमा का अनावरण करने का सौभाग्य मिला है। इसके साथ ही संभलवासियों को 145 फीट ऊंची भगवान गणेश की प्रतिमा और 51 फीट ऊंची प्रतिमा के अनावरण पर बधाई दी।

### सपा और कांग्रेस पर साधा निशाना

मुख्यमंत्री ने कहा कि समाजवादी पार्टी के अत्याचारों का खामियाजा गरीबों को भुगतना पड़ा। 10 हजार एकड़ कब्जामुक्त जमीन गरीबों में बांटने के लिए कहा गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी और कांग्रेस ने सरकारी रिकॉर्ड नष्ट करने का काम किया, लेकिन सत्य को नष्ट नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि जिस तरह 500 वर्ष बाद अयोध्या में राम मंदिर बनकर तैयार हुआ, उसी तरह गंगा एक्सप्रेस-वे के जरिए देश और दुनिया भगवान कल्कि के दर्शन कर सकेगी। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जो लोग कांवड़ यात्रा पर प्रतिबंध लगाते थे और रामनवमी यात्रा को रोकते थे, उनसे क्या उम्मीद की जा सकती है। उन्हें हर कीमत पर सत्ता चाहिए। ऐसे लोगों पर लानत है।

### नो कर्फ्यू, नो दंगा

उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में नो कर्फ्यू, नो दंगा है, बल्कि संभल में सब चंगा है। बेटियों की सुरक्षा में सेंध लगाने वालों की जगह जेल होगी। आज नियुक्ति-पत्र वितरित किए जाते हैं तो संभल के युवा भी उसमें भागीदार बनते हैं। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले ऐसी सरकार नहीं थी, जो गरीबों के बारे में सोच सके। पहले प्रदेश में दंगे होते थे और दंगाइयों पर कार्रवाई करने के बजाय उन्हें सम्मानित किया जाता था।




## सूचना

मेरा सही नाम MOHAMMAD FAIZAN है। मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम MOHAMMAD FAIJAN है। जो गलत है। मुझे मेरे सही नाम MOHAMMAD FAIZAN ही जाना जाये।- MOHAMMAD FAIZAN S/O ABDUL KHALIK 129, मौहल्ला शेखान दक्षिणी नहटौर ( बिजनौर )



# डीएम-एसपी ने लिया कांवड़ यात्रा की तैयारियों का जायजा

## बिजली, सड़क, सुरक्षा और सफाई व्यवस्थाओं को समय से दुरुस्त करने के दिये निर्देश




**बिजनौर ( चिंगारी )।** आगामी श्रावण मास कांवड़ यात्रा-2026 को सकुशल, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी जसजीत कौर एवं पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने जनपद के प्रमुख कांवड़ मार्गों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बिजनौर, चांदपुर, नूरपुर, नहटौर तथा फुलसंदा-पैजनियां कांवड़ मार्गों पर सुरक्षा, यातायात, विद्युत, सड़क एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के बिजनौर एवं धामपुर के अधीक्षण अभियंताओं को निर्देशित किया कि कांवड़ यात्रा मार्ग पर स्थित सभी ट्रांसफार्मरों एवं विद्युत पोलों की बैरिकेडिंग और फेसिंग का कार्य प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा कराया जाए, ताकि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। वहीं, लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधिशासी अभियंता को कांवड़ मार्ग पर क्षतिग्रस्त सड़कों और गड्ढों की तत्काल मरम्मत कर मार्ग को समतल एवं सुरक्षित बनाने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए।

उन्होंने कांवड़ मार्ग के किनारे उगे भांग के पौधों की तत्काल कटाई कराने तथा पूरे मार्ग पर नियमित साफ-सफाई और स्वच्छता बनाए रखने के भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि कांवड़ यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ निर्धारित समय सीमा में अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने चेतावनी दी कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा से जुड़ी व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## एआरटीओ और एनएचएआई अधिकारियों ने किया कांवड़ यात्रा मार्गों का निरीक्षण

**बिजनौर ( चिंगारी )।** कांवड़ यात्रा को सकुशल, सुरक्षित और सुगम ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से परिवहन विभाग के एआरटीओ प्रशासन महेश शर्मा ने शनिवार को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारी आशीष शर्मा के साथ कांवड़ मार्ग का संयुक्त निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मार्ग पर यात्री सुविधाओं, सड़क की स्थिति, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा संबंधी इंतजामों का जायजा लिया।

शनिवार को निरीक्षण की शुरुआत बिजनौर से कोतवाली क्षेत्र पर हुई। अधिकारियों ने कोतवाली में फ्लाईओवर के नीचे की व्यवस्था का निरीक्षण करने के बाद नजीबाबाद से नहटौर की ओर जाने वाले कांवड़ मार्ग का भी जायजा लिया। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर सड़क, प्रकाश व्यवस्था और साफ-सफाई की स्थिति का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान एनएचएआई और पीडब्लूडी के अधिकारियों को आवश्यक स्थानों पर हाईमास्ट एवं अन्य प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा नियमित साफ-सफाई कराने के सुझाव दिए गए। अधिकारियों ने कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान मार्ग पर पर्याप्त रोशनी और स्वच्छता श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के लिए बेहद जरूरी है।

कोतवाली क्षेत्र में मनसा देवी पुलिस चौकी से नजीबाबाद की ओर जाने वाली सड़क पर बने गड्ढों की मरम्मत कराने का भी सुझाव दिया गया, ताकि श्रद्धालुओं को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके अलावा नजीबाबाद-नगीना हाईवे स्थित कोतवाली तिराहे पर हाईमास्ट विद्युत पोल लगाने की आवश्यकता बताई। वहीं भागूवाला से मोटा महादेव की ओर मुड़ने वाले मार्ग पर दिशा सूचक संकेतक और हाईमास्ट लाइट लगाने के सुझाव भी संबंधित विभागों को दिए गए।

## मत्स्य विभाग की योजनाओं के लिए 31 तक करें ऑनलाइन आवेदन

**बिजनौर ( चिंगारी )।** वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए मत्स्य विभाग की विभिन्न राज्य सेक्टर योजनाओं का लाभ देने हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। सहायक निदेशक मत्स्य शिव कुमार ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी विभागीय पोर्टल पर 16 जुलाई से 31 जुलाई 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि आवेदन मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, सघन मत्स्य पालन हेतु एरेशन सिस्टम स्थापना योजना, उत्तर प्रदेश मत्स्य पालक कल्याण कोष के अंतर्गत मोबाइल विद आइस बॉक्स परियोजना एवं माता सुकेता महिला मत्स्य पालक सशक्तिकरण परियोजना, अंतर्देशीय खारे जल क्षेत्रों में मत्स्यिकी विकास के लिए नये तालाब निर्माण एवं प्रथम वर्ष निवेश योजना, उत्तर प्रदेश मोती संवर्धन योजना तथा विशिष्ट प्रजाति की मत्स्य हैचरी स्थापना योजना के लिए आमंत्रित किए गए हैं। सहायक निदेशक ने बताया कि प्रत्येक योजना के लिए अलग-अलग ऑनलाइन आवेदन करना अनिवार्य होगा। योजनाओं की पात्रता, इकाई लागत, आवेदन प्रक्रिया तथा आवश्यक अभिलेखों की विस्तृत जानकारी विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध है।

## बंदरों की लड़ाई में स्कूटी सवार गंभीर रूप से घायल

**बढ़ापुर ( चिंगारी )।** नगीना-बढ़ापुर मार्ग पर बंदरों की लड़ाई में स्कूटी सवार एक व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए बिजनौर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि थाना क्षेत्र के गांव तय्योपुर निवासी सुनील कुमार पुत्र रमेश सिंह शनिवार की सायं अपनी स्कूटी से नगीना जा रहा था। जब सुनील गांव रसूलपुर मुजफ्फर उर्फ मुजफ्फरनगर में स्थित बेकरी के सामने पहुंचा तो वहां सड़क पर दो बन्दर आपस में लड़ रहे थे। बंदरों की लड़ाई को नजर अंदाज करते हुए सुनील ने अपनी स्कूटी नहीं रोकी और जैसे ही स्कूटी बंदरों के समीप पहुंची तब दोनों बन्दरों ने सुनील की स्कूटी पर ही छलांग लगा दी। इस घटना में स्कूटी का संतुलन बिगड़ गया और स्कूटी सवार सुनील सड़क पर गिरने और सिर में चोट लगने से गम्भीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों द्वारा घटना की सूचना स्थानीय पुलिस सहित डायल 112 को दी गई। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायल सुनील के परिजनों को सूचना दी। गंभीर रूप से घायल सुनील के परिजन उपचार के लिए बिजनौर स्थित एक निजी अस्पताल में ले गए हैं।

## वीरा चैरिटेबिल सोसायटी ने किया 10 और 12वीं के मेधावी छात्र-छात्रों को सम्मानित

**बिजनौर ( चिंगारी )।** वीरा चैरिटेबल सोसाइटी, बिजनौर के तत्वावधान में कुंवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट के ऑडिटोरियम में कक्षा 10वीं व 12वीं के छात्र-छात्राओं के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सोसाइटी के अंतर्गत आने वाले विभिन्न इंटर कॉलेजों के मेधावी विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया।




इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप से उपस्थित रेडियो सचिव स्वाति वीरा महाजन ने, प्रबंध समिति सदस्य प्रवीण गुप्ता, संजीव राजपूत एवं संस्थान के निदेशक प्रो. (डॉ.) अमित कुमार बंसल के साथ मिलकर सभी मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रमाण-पत्र और स्मृति चिह्न प्रदान किए।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से आरजेपी इंटर कॉलेज के 10वीं के छात्र रोहित कुमार और 12वीं के तनिष राजपुर, सौरभ पाल, राजन, आर्यन राजपूत आदि, केपीएस इंटर कॉलेज बिजनौर के 10वीं की छात्रा भव्या खन्ना और 12वीं की छात्रा सलोनी, आलिया अंसारी, महिमा वर्मा आदि, वीरा इंटर कॉलेज धर्मनगरी से 10वीं की छात्रा तनु मेहरा और 12वीं की छात्रा माही, कंचन आदि, गोमती इंटर कॉलेज जानसठ से 10वीं की छात्रा अलीशा और 12वीं से छात्रा सलोनी, तनु गुप्ता,आंचल आदि, डीडीपीएस इंटर कॉलेज से 10वीं के छात्र अनमोल बुरमन और 12वीं से छात्रा अविका शर्मा, ऐज़ खान, अभि विश्नोई, संस्कृति तोमर आदि, केपीएस इंटर कॉलेज मंडावर से 10वीं की छात्रा संजीवनी और 12वीं से छात्रा मानविकी गर्ग, इकरा परवीन, एवीएन शहबाज़पुर से 10वीं की छात्रा यशी पाराशर और 12वीं से छात्रा अदीबा काशिश, छात्र निशांत कुमार, जैनब आदि छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर सभी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य गयूर आसिफ, संगीता गुप्ता, संजू शर्मा, वाजिद हुसैन, गिरिराज सिंह, ज्योति सिंह, राजीव थॉमस कैप्टन बिशनलाल आदि एवं एनपीएस भंडारी, सुरभि ढाका, राशि सिंह, निधि विश्नोई, सावन कुमार शर्मा, पुलकित गौड़, गजेंद्र सिंह, विकाश कुमार, लक्ष्मी रानी, निक्की पाल आदि उपस्थित रहे।

# सोनम वांगचुक के समर्थन में नहटौर में भाई-बहन ने किया पैदल मार्च

**नहटौर ( चिंगारी )।** दिल्ली के जंतर-मंतर से जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के समर्थन में नहटौर में भाई-बहन ने बैनर के साथ पैदल मार्च किया। उन्होंने पुलिस द्वारा सोनम वांगचुक को उठाने का विरोध जताया। शनिवार को नहटौर नगर में युवक मनीष कुमार और उनकी बहन ईशा ने जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के समर्थन में पैदल मार्च निकाला। उन्होंने कहा कि पैदल मार्च सोनम वांगचुक को जंतर-मंतर से हटाए जाने के विरोध और अनशन के समर्थन में है।



पैदल मार्च कर रहे ग्राम जसमौरा निवासी मनीष कुमार व उसकी बहन ईशा ने हाथों में पोस्टर

और बैनर लेकर सोनम वांगचुक के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया। मनीष ने बताया कि उनका मुख्य उद्देश्य सोनम वांगचुक के आंदोलन को अपना समर्थन देना है। मनीष और ईशा ने कहा कि वह शिक्षा और देशहित से जुड़े मुद्दों पर सोनम वांगचुक के संघर्ष का समर्थन कर रहे हैं। नगर में दोनों भाई-बहन को देखकर अनेक लोगों द्वारा उनकी फोटो भी सोशल मीडिया पर वायरल की गई। इसके अलावा कई लोगों द्वारा उन्हें सपोर्ट भी किया गया। नहटौर में सोनम वांगचुक के समर्थन में पोस्ट के साथ पैदल मार्च कर रहे भाई-बहनों में मनीष कुमार ने बीसीए कंप्लीट किया है। वहीं उनकी बहन बीएससी की छात्रा है।

# स्कूल वैन की वायरल वीडियो प्रकरण में डीआईओएस ने कॉलेज को नोटिस भेजा

## प्रधानाचार्य/प्रबंधक को 21 जुलाई को तलब किया

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** छत पर बैठे बच्चों वाली राखी मेमोरियल विद्या निकेतन इंटर कॉलेज आसफाबाद चमन लिखी स्कूल वैन की शुक्रवार को वायरल हुई वीडियो एवं इस संबंध में प्रकाशित/प्रसारित खबरों का संज्ञान लेते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) बिजनौर ने शनिवार को ही कॉलेज के प्रधानाचार्य/प्रबंधक को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। डीआईओएस ने इस प्रकार वाहन की छत पर बच्चों को बैठाकर लाने- ले जाने को दुर्घटना की प्रबल संभावना तथा यातायात एवं सड़क सुरक्षा के नियमों का खुला उल्लंघन बताया है और कॉलेज के प्रधानाचार्य/प्रबंधक को निर्देशित किया है कि वह 21 जुलाई की प्रातः 11 बजे उनके कार्यालय में उपस्थित होकर इस संबंधित अपना पक्ष प्रस्तुत करें और यह भी सुनिश्चित करें कि तत्काल प्रभाव से छात्र-छात्राओं को वाहनों में इस प्रकार सफर नहीं कराया जाए और यदि विचलन की स्थिति में कोई दुर्घटना या अनहोनी घटित होती है तो उसका पूर्ण उत्तरदायित्व प्रबंधक/प्रधानाचार्य का ही होगा।


बच्चों को छत पर बैठाकर जाती स्कूल वैन ।

### अधिकारियों को वास्तविकता बताएंगे- प्रधानाचार्या

कॉलेज की प्रधानाचार्या संध्या शर्मा ने अधिकारियों द्वारा नोटिस मिलने की बात कहते हुए बताया कि इस सम्बंध में अधिकारियों को इस मामले की वास्तविकता से अवगत कराया जाएगा।

उन्होंने कहा कि कॉलेज के सभी बच्चों की शिक्षा व सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा जाता है, कोई लापरवाही नहीं बरती जाती है।

### परिवहन विभाग भी हरकत में आया

शुक्रवार को सामने आई एक स्कूल वैन की बड़ी लापरवाही से विभाग भी हरकत में आ गया है। गत दिवस एआरटीओ महेश कुमार के निर्देश पर पीटीओ मुन्नालाल ने अफजलगढ़ क्षेत्र में स्कूल बसों की सघन चैकिंग की और इस दौरान उन्होंने एक दर्जन स्कूल वाहनों के चालान काटे। उन्होंने कहा कि बच्चों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और अनफिट वाहनों सहित यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर भी सख्त एक्शन होगा।

# कॉलेज में बैग-लैस डे पर प्रतियोगिताओं का आयोजन



**चांदपुर ( चिंगारी )।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में बैग-लेस डे के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए मैथ्स क्विज, स्पोर्ट्स डे एवं स्पेल-बी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में तार्किक चिंतन, खेल भावना, भाषा दक्षता तथा स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना का विकास करना था। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त शिक्षक चमन प्रकाश देवेंद्र कुमार, कामेश्वर प्रसाद शर्मा ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए प्रतियोगिताओं के महत्व पर प्रकाश डाला तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मैथ्स क्विज प्रतियोगिता में विभिन्न सदनों के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में प्रताप हाउस ने प्रथम, विवेकानंद हाउस ने द्वितीय व शिवाजी हाउस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य नवनीत कुमार ने कहा कि ऐसी गतिविधियां विद्यार्थियों के बौद्धिक, शारीरिक एवं भाषाई विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

## आज का विचार

# अमीर सपनों की ये कैसी बेबसी



-सत्यराज

एक सड़क दुर्घटना में दो बुजुर्ग दोस्तों की मौत से हृदय द्रवित हुआ। यह स्वाभाविक भी था, लेकिन इसके बाद जो घटित हुआ वह और भी दिल को झकझोरने वाला रहा। दोनों ही मृतकों के बेटे विदेश यानी अमेरिका में रहते हैं। जो दोनों पिता अपने-अपने बच्चों की उन्नति की कहानी बड़े गर्व के साथ सबको सुनाते रहते थे, आज उनके बेजान शरीर जमीन पर रखे, अपने अंतिम संस्कारों के प्रतीक्षा कर रहे थे। जीवन-मृत्यु किसी के वश में नहीं होते, लेकिन मृत्यु के बाद भी जो जरूरी संस्कार होते हैं उन्हें शीघ्र से शीघ्र करने की परंपराएं भी रही हैं। लेकिन मुखाग्नि देने वाला पुत्र ही जब स्वयं सात समंदर पार, हजारों मील दूर रहता हो, तब प्रतीक्षा ही आखिरी मजबूरी बन जाती है। इन दिवंगतों का संस्कार भी तीन दिन बाद बेटों के अमेरिका से आने पर ही हुआ। हमारे क्षेत्र की दुर्घटना थी, सो मैंने इस मर्माहत कर देने वाली घटना को देखा और महसूस किया, लेकिन ऐसे हजारों, लाखों माता-पिता भारतवर्ष में रहते हैं, जो स्वाभाविक अथवा दुर्घटनावश मौत के बाद इस तरह की त्रासदी से गुजरते होंगे।

हम अपने बच्चों को सुनहरा और मजबूत भविष्य देने के लिए अमीर सपनों की दुनिया तो बना लेते हैं। हम समाज में अपनों को कुछ खास माता-पिता भी समझने लगते हैं। बात-बात में लोगों और रिश्तेदारों को छोटे-बड़े घमंड के साथ अपने बेटों के विदेश में होने की कहानी भी बार-बार सुनाने लगते हैं। बाहर से तो माता-पिता अपने सपनों की अमीरी का बखान करते नहीं थकते, लेकिन भीतर से बहुत ही बेबस ऐसा महसूस करने लगते हैं। घर में और विशेष कर रात में जब यह माता-पिता एक 10-10 के कमरे में अकेले रहते हैं तो उनके पास केवल परदेसी बेटे की एक फोन कॉल के अलावा कुछ जमा पूंजी नहीं रहती।

वृद्ध होते माता-पिता अक्सर बीमार भी रहने लगते हैं। जिस उम्र में उन्हें अपने बच्चों के सहारे की जरूरत होती है, उसमें भी स्वयं ही अपनी देखभाल करने को मजबूर हैं। इन मां-बाप की साइकोलॉजी भी ऐसी बन जाती है कि अपने या बच्चों के सपनों को अमीरी देने के चक्कर में अपने तन-मन को बीमार कर लेते हैं और जर्जर सा विकलांग जीवन जीने लगते हैं। और इसी तरह एक दिन मर भी जाते हैं। बच्चों को अच्छी जिंदगी देने के संघर्ष में यह अपना जीवन जीना ही भूल जाते हैं, फिर एक दिन जब मरते हैं तो विदेश में रहने वाले बच्चों के कारण इनका अंतिम संस्कार भी असामान्य रूप से तीन, पांच, सात दिन बाद होते देखा जाता है। शायद यही होती है अमीर सपनों की गरीब बेबसी।



# छात्र परिषद के पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई

**धामपुर ( चिंगारी )।** शनिवार को ग्राम मीमला स्थित भारत स्वरुप अकादमी में पद-ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रो. डॉ. सोमपाल सिंह, समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना एम.जे.पी. रुहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली एवं प्राचार्य डी.एस.एम. कॉलेज कांठ मुरादाबाद द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर प्रबंध समिति के चेयरमैन डॉ. लोकबीर सिंह व प्रो. सोमपाल सिंह ने कहा कि सफलता निरंतर प्रयास, अनुशासन और सकारात्मक सोच से प्राप्त होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया।



भारत स्वरूप अकादमी में पद-ग्रहण समारोह।

कार्यक्रम में विद्यालय के नव-निर्वाचित हेड बॉय- वंश पाल, हेड गर्ल- वंशिका राजपूत, कैप्टन- दीपाली चौहान (गायत्री हाउस), यश कुमार (स्मृति हाउस) वर्णित राजपूत (कल्पना हाउस) व भव्य चौहान (प्रगति हाउस) एवं वाइस कैप्टन- कुश प्रताप सिंह (गायत्री हाउस), साकिब अंसारी (स्मृति हाउस), कांची (कल्पना हाउस) व पियूष चौहान (प्रगति हाउस) एवं कल्चरल कोआर्डिनेटर-सुहानी चौहान, स्पोर्ट्स कैप्टन- देव चौहान, अकादमिक कोआर्डिनेटर- रक्षित प्रताप सिंह तथा अन्य छात्र परिषद के पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गयी तथा उन्हें बैज एवं सैश प्रदान किया। इस अवसर पर परवेंद्र कुमार यश कुमार, विद्यालय की प्रधानाचार्या उपासना यादव का विशेष योगदान रहा। उनके मार्गदर्शन में अर्पित चौधरी, अफशा रानी, स्वाति शर्मा, गोल्ड ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## किसान गोष्ठी आयोजित करके किसानों की समस्याएं सुनीं

**धामपुर ( चिंगारी )।** ग्राम नींदडू में एक किसान गोष्ठी का आयोजन कृषक जलील अहमद एडवोकेट के निवास पर किया गया। धामपुर शुगर मिल के उपाध्यक्ष आशीष शर्मा, सहायक उपाध्यक्ष संजीव


किसान गोष्ठी में उपस्थित मिल के अधिकारी।

कुमार, वरिष्ठ गन्ना प्रबंधक मनोज चौहान ने संयुक्त रूप से किसानों की समस्याओं के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने गन्ने की फसल में लगने वाले कीट व रोगों से बचाव के उपाय बताये तथा कला चिकटा, पोका बोइंग आदि के बचाव के लिए रॉकेट व कोनिका का स्प्रे करने के सुझाव दिये। गोष्ठी में जानकारी दी गई कि अतिशीघ्र ही ड्रोन द्वारा गन्ने की फसल में स्प्रे कराया जाएगा तथा किसानों को गन्ना बुआई, मिट्टी चढ़ाई करने के फायदे भी बताये तथा कृषक भाइयो को गन्ने की फसल की निरन्तर निगरानी करने का भी आग्रह किया। इसी के साथ ग्राम हथाईशेख में गन्ना प्लाट का भी निरीक्षण किया। जोनल अधिकारी दिनेश राजपूत, कामरान अहमद, फील्ड स्टाफ कृष्ण कुमार व मुनीष कुमार उपस्थित रहे।

## छात्र परिषद चुनाव केवल प्रतिनिधियों के चयन की प्रक्रिया नहीं : भारती यादव


शिखर शिशु सदन में छात्र परिषद चुनाव सम्पन्न।

**धामपुर ( चिंगारी )।** शिखर शिशु सदन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, धामपुर में छात्र परिषद (Student Council) के गठन हेतु हेड बॉय एवं हेड गर्ल पदों के लिए लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत मतदान कराया गया। हेड बॉय पद के लिए लविश, निकुंज एवं आदित्य चुनाव मैदान में रहे, जबकि हेड गर्ल पद के लिए अमरीन, दिया त्यागी एवं दिव्या ने अपनी दावेदारी प्रस्तुत की। संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया विद्यालय की प्रधानाचार्या के पर्यवेक्षण (Observation) में निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराई गई। चुनाव अधिकारी के रूप में श्रीमती तारा देवी एवं श्रीमती अर्चना भटनागर ने मतदान प्रक्रिया को सफल बनाया। चुनाव के दौरान विद्यालय के शिक्षक आर. एन. सिंह, अंकित सिसोदिया, राकेश कुमार एवं गौरव चौहान ने मतदान व्यवस्था, अनुशासन एवं सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से संभाला प्रधानाचार्या श्रीमती भारती यादव ने कहा कि छात्र परिषद चुनाव केवल प्रतिनिधियों के चयन की प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, लोकतांत्रिक मूल्यों, उत्तरदायित्व एवं निर्णय लेने की भावना विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है।

## नवगठित संस्था 'सौभाग्यम' ने गौ माताओं की सहायता का बीड़ा उठाया

**धामपुर ( चिंगारी )।** जागरूक नागरिकों ने मिलकर सौभाग्यम नामक संस्था का गठन किया है। जहां भी गौमाता या अन्य पशुओं हेतु आर्थिक सामाजिक या शारीरिक मदद की आवश्यकता होती है। उसकी सहायता हेतु संस्था से स्वेच्छा से जुड़े 100 से अधिक सदस्य अपने सूक्ष्म आर्थिक सहयोग से उसे पूर्ण कर देते हैं।

सौभाग्यम संस्था द्वारा अपने पहले प्रोजेक्ट के तौर पर इंदिरा नगर कॉलोनी, धामपुर में एक निर्धन व्यक्ति द्वारा पाली जा रही गौ माताओं हेतु बारिश, गर्मी-सर्दी से बचाव के लिए टीन शेड एवं टेंपरेचर कम रखने के लिए इंसुलेशन शीट की व्यवस्था की गई है।



रविवार को मुख्य अतिथि डा. बी.के.सिंह व प्रोजेक्ट चेयरमैन मनोज अग्रवाल ने फीता काटकर टीन शेड व इंसुलेशन शीट को लाभार्थी को सौंप दिया। इस अवसर पर डॉ. आदित्य अग्रवाल सर्जन, डॉ. पुलकित माहेश्वरी, गगनदीप सिंह चावला, मनीष गर्ग, जितेंद्र सिंह शिक्षक, जय प्रकाश टेलर आदि उपस्थित रहे। सौभाग्यम के अध्यक्ष संदीप चौहान सलाहकार डॉ. आदित्य अग्रवाल व मीडिया प्रभारी कपिल तुली ने संयुक्त रूप से यह जानकारी दी।

## राज्य निर्माण सेनानियों की बैठक में रालोद प्रदेश अध्यक्ष ने सुनीं समस्याएं

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** उत्तराखण्ड राज्य निर्माण सेनानियों की एक आवश्यक बैठक आईएसबीटी परिसर स्थित शहीद स्मारक में आयोजित की गई, जिसमें कांवड़ यात्रा के दौरान यातायात व्यवस्था ठीक रखने, अन्य प्रदेशों से आये लोगों का सत्यापन करने, अतिक्रमण हटाने आदि की मांगें की गईं। बैठक में पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को भी आमंत्रित किया गया। बैठक में राष्ट्रीय लोक दल के प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र पन्त, प्रमोद डोभाल, सम्मिलित हुए। प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र पंत ने राज्य निर्माण सेनानियों को विश्वास दिलाया कि हम आपकी जायज मांगों के लिए अति शीघ्र मुख्यमंत्री से निस्तारण के लिए बातचीत करेंगे। बैठक में समिति के अध्यक्ष डीएस गुसाईं, गंभीर मेवाड़, बलवीर सिंह नेगी, चंदन सिंह पवार, युद्धवीर सिंह चौहान, बृजेश डोभाल, हरि सिंह नेगी, मायाराम उनियाल, शेर सिंह चौहान, महेंद्र बिष्ट, विजय भट्ट, चंद्र प्रकाश सिमवाल, एचएन सिंह, बिशमबर दत्त डोभाल, श्रीमती रामेश्वरी चौहान, लक्ष्मी बुडाकोटी, उर्मिला डबराल, चंद्रा देवी, समानी भट्ट, मधु भट्ट, पूर्णिमा बड़वानी, यशोदा नेगी, जयंती नेगी, शकुंतला कोठारी, भगवती चमोली, शशि बाला सेमवाल, सटेश्वरी मुनियाल, रोशनी देवी, सोमवती पाल, राजेश्वरी कंडवाल, सुशीला कंवल, दमयंती कंडवाल, गुड्डी डोभाल, रविंदर कौर, जय डोभाल, सुशील राणा, संगीता डोभाल आदि उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता बलवीर सिंह नेगी, संचालन गंभीर सिंह मेवाड द्वारा किया गया।

## आह सुरेश अग्रवाल : एक जिंदादिल इंसान का चले जाना!



**रुड़की ( चिंगारी )।** स्थानीय सिविल लाइंस में अग्रवाल न्यूज एजेंसी के नाम से कभी एक दूकान हुआ करती है। अब इस दूकान का स्वरूप बदल गया है और यहां अखबार, पत्र-पत्रिकाओं की जगह पतंजलि की दवाइयां व अन्य खाद्य पदार्थ मिलने लगे है। इस दुकान के संचालक सुरेश कुमार अग्रवाल यूं तो मूल रूप में भगवानपुर के रहने वाले थे,लेकिन सन 1938 में उनका परिवार रुड़की आ गया था। रुड़की में ही उनकी परवरिश हुई। पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने पहले नगर पालिका में सन 1958 में मीटर रीडर की नौकरी की और फिर 1968 में समाचार पत्र विक्रेता के रूप में काम करना शुरू किया। जिसके लिए उन्हें बड़े सवेरे 3 बजे उठना पड़ता था। खुशी हो या गम,मौसम अच्छा हो या खराब, सुरेश अग्रवाल घड़ी की सुई के साथ बड़े सवेरे दूकान पर आ जाते और फिर दिनभर अखबार व किताबो को बेचते हुए ज्ञान बांटते थे। उनके चेहरे पर कभी गुस्सा नही झलकता था, हर समय खिलखिला कर हंसना और दूसरों को गुदगुदाकर हंसाना उनकी दिनचर्या का हिस्सा था। उनकी यही हंसी ठिठोली उनके अच्छे स्वास्थ्य का राज भी थी।

सुरेश अग्रवाल सिर्फ अपने व्यवसाय तक ही सीमित नही रहे ,उन्होंने नगर कल्याण समिति,आर्य कन्या इंटर कालेज, अग्रवाल धर्मशाला, श्री सनातन धर्म रक्षिणि सभा आदि संस्थाओं से जुड़कर समाज सेवा के क्षेत्र में अनेक कीर्तिमान स्थापित किये।उनके द्वारा अपने स्तर पर 5 लड़को की बिना दहेज शादी कराकर युवाओं को दहेज एक अभिशाप के रूप में प्रेरित किया।सुरेश अग्रवाल ने व्यवसाय करते हुए ही सन 1957 में आईजीडी बॉम्बे किया व अपनी धर्मपत्नी को सिलाई कढ़ाई में डिप्लोमा प्रथम श्रेणी में कराया।

एक दैनिक अखबार में उन्होंने काफी समय तक बतौर संवाददाता काम किया। खबरों पर उनकी अच्छी पकड़ थी। प्रेस कांफ्रेंस में वे बहुत कम जाते थे, लेकिन जब जाते तो बेबाक सवाल पूछकर सारी कॉन्फ्रेंस अपने नाम कर लेते थे। हिसाब- किताब सही रखने में हमेशा माहिर सुरेश कुमार अग्रवाल असहायों की मदद चुपचाप तरीके से करते थे। सुरेश अग्रवाल अपने जवानी के दिनों में पीआरडी में भी बडी जिम्मेदारी के साथ रहे।उन्होंने लंबा सुखद जीवन जिया लेकिन कुछ वर्ष पूर्व उनके छोटे बेटे उमेश के आकस्मिक निधन से वे टूट गए थे,फिर भी बड़े बेटे दिनेश के सहयोग से उन्होंने परिवार की बगिया को मुरझाने से बचाए रखा।उनका अचानक चले जाना लंबे समय तक खलता रहेगा।

# सांसद चन्द्रशेखर ने योगी सरकार पर सवाल उठाये

## मुख्यमंत्री के एक्स पर पोस्ट साझा की

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगीना लोकसभा क्षेत्र से सांसद एवं आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने सोशल मीडिया मंच एक्स (पूर्व ट्विटर) पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित एक लंबी पोस्ट साझा कर कई गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने दलित, पिछड़ा वर्ग, सफाईकर्मी, आवास योजना, शिक्षा और आरक्षण जैसे मुद्दों को लेकर सरकार की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए हैं।

चंद्रशेखर आजाद ने लिखा कि मुख्यमंत्री जब नगीना लोकसभा क्षेत्र में आते हैं तो उन्हें बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की याद आती है, लेकिन उनकी विचारधारा के अनुरूप कार्य नहीं किए जा रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि उत्तर प्रदेश में दलितों पर अत्याचार के सबसे अधिक मामले दर्ज होते हैं और पीड़ितों को न्याय दिलाने में सरकार विफल रही है। सांसद ने हाथरस प्रकरण का उल्लेख करते हुए कहा कि पीड़ित परिवार को आज तक न्याय नहीं मिला। उन्होंने आरोप लगाया कि चार सरकारी मेडिकल कॉलेजों में एससी/एसटी विद्यार्थियों के लिए आरक्षित 70 प्रतिशत सीटों को दोबारा लागू नहीं किया गया, जिससे कई छात्र वंचित रह गए।



### पदोन्नति में आरक्षण का भी लाभ नहीं मिला

**सांसद ने यह भी कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बावजूद एससी/एसटी कर्मचारियों को पदोन्नति में आरक्षण का लाभ नहीं मिला है। उन्होंने अपनी पोस्ट के अंत में कहा कि प्रदेश और देश की जनता देख रही है कि सरकार बाबा साहेब के विचारों का सम्मान करती है या केवल उनके नाम का राजनीतिक उपयोग।**

उन्होंने 69 हजार शिक्षक भर्ती का मुद्दा उठाते हुए कहा कि पिछड़ा वर्ग आरक्षण से प्रभावित अभ्यर्थियों को अब तक न्याय नहीं मिला। साथ ही एससी/एसटी और पिछड़ा वर्ग के बैकलॉग पदों पर भर्ती लंबे समय से लंबित होने का आरोप भी लगाया।

चंद्रशेखर आजाद ने सरकारी विद्यालयों के बंद होने, सफाईकर्मियों को समय पर मानदेय न मिलने, सीवर और सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान होने वाली मौतों तथा उनके लिए सुरक्षित कार्य परिस्थितियां सुनिश्चित न किए जाने का भी मुद्दा उठाया। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना की दूसरी किस्त जारी न होने का भी उल्लेख करते हुए कहा कि बारिश के मौसम में गरीब और वंचित परिवार अधूरे मकानों में रहने को मजबूर हैं। इसके अलावा उन्होंने आरोप लगाया कि दलितों को पूर्व में मिले भूमि पट्टों पर भू-माफियाओं ने कब्जा कर लिया है।






# विधवा भाभी से छेड़छाड़ का विरोध करने पर देवर पर किया जानलेवा हमला

**बिजनौर ( चिंगारी )।** घर में अकेली विधवा महिला से कथित छेड़छाड़ का विरोध करना उसके देवर को भारी पड़ गया। आरोप है कि पड़ोसी युवक ने अपने परिजनों के साथ मिलकर उसकी बेरहमी से पिटाई की और धारदार हथियार से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की मां की तहरीर पर एक महिला समेत चार लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना कोतवाली शहर क्षेत्र के गांव सदुपुरा निवासी अशरफ की मृत्यु के बाद उसकी पत्नी अलग मकान में रह रही है। आरोप है कि शुक्रवार शाम पड़ोसी जीशान पुत्र अब्दुल समी महिला के घर में घुस गया और उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। महिला के शोर मचाने पर देवर फरमान मौके पर पहुंचा और विरोध किया। आरोप है कि इसके बाद जीशान ने अपने परिजनों शादाब, अब्दुल समी और बुशरा के साथ मिलकर फरमान की लाठी-डंडों से पिटाई की तथा धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। परिजनों ने घायल को उपचार के लिए महात्मा विदुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़ित की मां अफसरी की तहरीर पर पुलिस ने जीशान, शादाब, अब्दुल समी और बुशरा के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। शहर कोतवाल अवनीत मान ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मामले की जांच की जा रही है।

# हिस्ट्रीशीटर के पास मिली थी चरस जेल में रहना होगा चार बरस

**बिजनौर ( चिंगारी )।** ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत थाना नगीना पुलिस और अभियोजन विभाग की प्रभावी पैरवी के चलते 500 ग्राम चरस बरामदगी के मामले में हिस्ट्रीशीटर शाहिद उर्फ पप्पी को अदालत ने चार वर्ष के कारावास और 10 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।



पुलिस के अनुसार, 21 अक्तूबर 2020 को थाना नगीना पुलिस ने मोहल्ला कलालान, कस्बा व थाना नगीना निवासी शाहिद उर्फ पप्पी पुत्र मोहम्मद ताहिर को 500 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया था। इस संबंध में थाना नगीना में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना पूरी होने के बाद आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया गया। मामले में स्थानीय पुलिस और अभियोजन विभाग ने न्यायालय में प्रभावी पैरवी की। शनिवार को एडीजे-1/विशेष एनडीपीएस एक्ट न्यायालय, बिजनौर ने आरोपी शाहिद उर्फ पप्पी को दोषी करार देते हुए चार वर्ष के कठोर कारावास तथा 10 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई। पुलिस के अनुसार, दोषी शाहिद उर्फ पप्पी थाना नगीना का हिस्ट्रीशीटर है। उसके विरुद्ध बिजनौर सहित अन्य जनपदों और राज्यों में चोरी, गैंगस्टर समेत विभिन्न धाराओं में करीब डेढ़ दर्जन मुकदमे दर्ज हैं।

# री-नीट परीक्षा में C4 क्लासेज का रिजल्ट रहा शानदार




### संस्थान के पांच छात्रों के 550 से अधिक अंक

**बिजनौर ( चिंगारी )।** C4 कालेज की डायरेक्टर ने बताया कि इस वर्ष री नीट परीक्षा का रिजल्ट विगत वर्षों से भी बेहतर रहा है। री नीट परीक्षा का पेपर अत्यधिक कठिन होने के बावजूद भी सी 4 कालेज का रिजल्ट जनपद में सर्वश्रेष्ठ रहा है। फिजिक्स का पेपर अत्यधिक कठिन था, परन्तु संस्थान के दो छात्रों ने 99 परसेंट से अधिक अंक प्राप्त किए। खारी के रहने वाले मोहम्मद नाजिम के पुत्र अदीब अहमद ने परीक्षा में 720 में से 624 अंक प्राप्त कर 4365 ऑल इंडिया रैंक प्राप्त की है। इनकी 99.77 है। फिजिक्स, केमिस्ट्री तथा बायोलॉजी सभी विषयों में 99 से अधिक पर्सेंटाइल आई हैं। संस्थान के एक अन्य छात्र मोहम्मद जैद पुत्र श्री मोहम्मद अरशद ने 720 में से 588 अंक प्राप्त किए हैं, इनकी परसेंटाइल 99.26 है। इन्होंने बायोलॉजी में 360 में 355 अंक प्राप्त किए हैं। संस्थान के एक अन्य छात्र केशव तिवारी पुत्र श्री सुबोध कुमार तिवारी ने अंक प्राप्त किए हैं। इनकी Gen EWS Rank 3422 है। अन्य छात्रों में अरीबा, इषिका, अजमी रहमान ने भी अच्छा प्रदर्शन किया है। ये सभी छात्र अपनी सफलता का श्रेय अपने माता- पिता तथा संस्थान के टीचर्स उर्मित सर, मनीष राजपूत सर, निशांत सर, शकुंतला, मैडम तथा संस्थान के कार्यकारी संचालक जितेंद्र गिरि को जाता है।

# नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले को कठोर कारावास

**बिजनौर ( चिंगारी )। विशेष सत्र न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कल्पना पांडे ने किशोरी के साथ दुष्कर्म के मामले में अभियुक्त अदनान को दस वर्ष कठोर कारावास और 50 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है।जबकि इसी मामले युवती को बरी कर दिया।**

विशेष लोक अभियोजक भालेद्र सिंह राठौर के अनुसार एक महिला ने थाना स्योहारा में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके पति बीमार रहते हैं। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण वह खुद और उसके बच्चे दूसरों के घर में झाड़ू पोछा और बर्तन मांजने का काम कर अपनी गुजर बसर करते है।10 अक्टूबर 2024 को उसकी 14 वर्षीय पुत्री अदनान के घर में झाड़ू पोछा कर रही थी तभी अदनान ने एक लड़की को अपने घर बुलाकर उसकी मदद से उसकी पुत्री को पकड़ कर कमरे में ले जाकर उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। उस दिन अदनान के घर वाले बाहर गए हुए थे। उसने चाकू दिखाकर दुष्कर्म किया।

इस मामले में विशेष सत्र न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कल्पना पांडे ने अपराध सिद्ध होने पर अभियुक्त अदनान को पॉक्सो एक्ट के तहत दस वर्ष कठोर कारावास और 50 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। जबकि अदनान की सहयोगी लड़की को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया।

# चुनाव में जीत की शुरूआत बूथ से होती है- कोहली

## भाजपा की मण्डलस्तरीय बैठक सम्पन्न



**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** भारतीय जनता पार्टी ने वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियां तेज करते हुए शनिवार को नगर के डाक बंगले में मंडल स्तरीय बैठक आयोजित की। बैठक में बूथ अध्यक्ष सम्मेलन की तैयारियों की समीक्षा के साथ बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत बनाने और चुनावी रणनीति पर चर्चा की गई।


बैठक को संबोधित करते हुए मंडल प्रभारी अभिषेक कोहली ने कहा कि भाजपा की असली ताकत उसके कार्यकर्ता और मजबूत बूथ संगठन हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव की जीत की शुरुआत बूथ से होती है। यदि हर बूथ पर कार्यकर्ता पूरी सक्रियता से काम करेंगे तो 2027 के विधानसभा चुनाव में पार्टी बेहतर प्रदर्शन करेगी। मंडल अध्यक्ष जयप्रकाश सिंह बंजारा ने कहा कि संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं की मेहनत और अनुशासन से ही बनी रहती है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से बूथ स्तर तक सक्रिय रहकर संगठन के कार्यक्रमों को सफल बनाने की अपील की।

मंडल महामंत्री भीम सिंह रावत ने बैठक का संचालन करते हुए आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की।

इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन नफीस कुरैशी, सलीम अंसारी एडवोकेट, पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश शर्मा, मंडल महामंत्री विनोद धारियावाल, हरदत्त सिंह, अनीता धस्माना, सुनील कुमार धस्माना, मंगल सिंह संधू, कलवा कुरैशी, कैलाशचंद्र चौधरी, रचित बंसल, लव अग्रवाल, उमेश अग्रवाल, मोहित त्यागी, वसीम अंसारी, विकास पाल सिंह, कुंवर मंदीप रौतेला, अमरीक सिंह, हकीम अनीश अंसारी, सलमान कस्सार सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मेरा नाम करेगा रोशन...

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** हर बच्चे की आंखों में एक सपना होता है और वही सपना उसके भविष्य की नींव रखता है। अफजलगढ़ क्षेत्र के कई होनहार बच्चों ने भी अपने जीवन के लक्ष्य तय कर लिए हैं। कोई पुलिस सेवा में जाकर कानून व्यवस्था संभालना चाहता है, कोई पायलट बनकर आसमान की ऊंचाइयों को छूने का सपना देख रहा है, तो कोई डॉक्टर और आईएएस अधिकारी बनकर देश व समाज की सेवा करने की इच्छा रखता है।



नगर के मोहल्ला किला निवासी ज्योति रंचाल एवं शोभित रंचाल की 12 वर्षीय पुत्री अश्वि रंचाल जो ब्राइट स्टार इंटरनेशनल अकादमी जसपुर में कक्षा छः की छात्रा है। भविष्य में पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) बनना चाहती है। उसके अभिभावकों का कहना है कि उनकी बेटी जीवन में किसी भी पद पर पहुंचे लेकिन जरूरतमंद लोगों की सहायता करना कभी न भूले।



इसी प्रकार क्षेत्र के ग्राम जोगीपुरा निवासी जसप्रीत कौर एवं सरदार गुरविंदर सिंह की पुत्री तरनरूप कौर जोकि मीरी पीरी खालसा अकादमी अगवानपुर में कक्षा नौ की छात्रा है। एक कुशल पायलट बनकर आसमान की ऊंचाइयों को छूना चाहती है। वहीं उसके माता-पिता की इच्छा है कि वह एक सफल डॉक्टर बने।



मोहल्ला गौहर अली खां निवासी ईरा सैनी एवं सचिन कुमार के पुत्र पर्व जोकि सेंट मैरी स्कूल अफजलगढ़ में कक्षा सात के छात्र हैं। डॉक्टर बनने का सपना देखते हैं। उनके अभिभावक भी चाहते हैं कि वह चिकित्सा क्षेत्र में अपना भविष्य बनाकर लोगों की सेवा करें।



वहीं क्षेत्र के ग्राम आलमपुर गावड़ी निवासी रीना देवी एवं नरेश प्रकाश गौतम की पुत्री सृष्टि गौतम जो सेंट मैरी स्कूल अफजलगढ़ में कक्षा नौ की छात्रा है। भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) में जाकर समाज और देश के लिए कार्य करना चाहती है। हालांकि उसके माता-पिता की इच्छा है कि वह डॉक्टर बने।

**प्रस्तुति : नितिन दिनेश कौशिक**

# हेड बॉय व हेड गर्ल को शपथ दिलाई




नगीना ( चिंगारी )। एस. एस. के. इंटरनेशनल एकेडमी में आयोजित अलंकरण समारोह में विद्यालय छात्र परिषद के नव-निर्वाचित हेड-बॉय मुजम्मिल व हेड-गर्ल दिया को दायित्वों की शपथ दिलाई गई। इस कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंध निदेशक साहू अनुभव अग्रवाल, प्रबंध निर्देशिका सिद्धि अग्रवाल एवं प्रधानाचार्या अंशु विश्नोई ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर,किया। स्पोर्ट्स कैप्टन अलीशहजर, ईगल्स हाउस से देव,रितिका, ड्रैगन हाउस से अलिशा,मृणाल, बुल्स हाउस से सुमित,आरुषि, स्कॉर्पियंस हाउस से रिकांश,आराधना क्रमश: कैप्टन तथा वाइस कैप्टन नियुक्त किये गए। कक्षा-एक अ से हिमानी, एक ब से समीक्षा,दो अ से लक्षिका, दो ब से गुरसीरत, कक्षा तीन से जीवन, कक्षा चार से परमीत, कक्षा पाँच से भूमिका, कक्षा छः से पूरब, कक्षा सात से अदिति, कक्षा आठ से मानवी, कक्षा नौ से सुहानी, कक्षा 10 से आदर्श तथा कक्षा 11 से हुदा को कक्षा प्रमुख नियुक्त किया गया। विद्यालय के प्रबंध निदेशक ने सभी विद्यार्थियों को बैज दिए तथा उन्हें अपने कर्तव्य के प्रति हमेशा तत्पर रहने के लिए प्रेरित किया। समारोह का उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व, अनुशासन, उत्तरदायित्व तथा सेवा-भाव की भावना का विकास करना था। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका ध्रुविका बिश्नोई ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में उप प्रधानाचार्य रोहित कालरा,कोर्डिनेटर लक्ष्य तथा तरनजीत,रिया,तसनीम,अदीबा,वंश, जयेश ,पूजा,नैना,मनीता,जुनैरा तथा जिज्ञासा आदि का योगदान रहा।

# थाना प्रभारी से मिले दिव्यांग, समस्याओं के समाधान की मांग




**किरतपुर ( चिंगारी )।** ऑल दिव्यांग सेवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रियासत राजा के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों ने थाना प्रभारी किरतपुर से शिष्टाचार भेंट कर दिव्यांगजनों से जुड़ी समस्याओं और उनके त्वरित समाधान को लेकर चर्चा की। संगठन के पदाधिकारियों ने मांग रखी कि थाने में आने वाले दिव्यांगजनों, बुजुर्गों और असहाय व्यक्तियों की शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर सुना जाए तथा उनकी रिपोर्ट व प्रार्थना पत्रों पर बिना किसी देरी के कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। थाना प्रभारियों ने संगठन को भरोसा दिलाया कि दिव्यांगजनों की समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ निस्तारण किया जाएगा और उन्हें हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रियासत राजा, जिला अध्यक्ष बिजनौर नौशाद शाह अल्वी, जिला महासचिव फिरोज़ आलम, जिला सचिव मोहम्मद नदीम सिद्दीकी, जिला उपाध्यक्ष माजिद अली, नगर अध्यक्ष नूरपुर सुरेंद्र सिंह, शकील सलमानी, अबरार अहमद, वसीम कुरैशी, नरगिस परवीन (गुड़िया) सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# दुर्घटना में घायल युवक की अस्पताल में मौत

**चांदपुर ( चिंगारी )।** दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल युवक की देहरादून अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। ग्राम केलनपुर निवासी अखिलेश तोमर 28 वर्ष पुत्र विजयपाल सिंह 14जुलाई की रात में मोटरसाइकिल से ग्राम मिर्जापुर खादर में रहने वाले अपने मामा के यहां से आ रहा था स्याऊ में झारखंडी मंदिर के आसपास किसी अज्ञात वाहन द्वारा अखिलेश की मोटरसाइकिल में पीछे से टक्कर मार दी थी, मौके पर पहुंची 108ने गम्भीर रूप से घायल अखिलेश को सीएचसी स्याऊ पहुंचाया, जहां से उसे बिजनौर रैफर कर दिया गया था। अखिलेश की हालत में सुधार न होने पर परिजन उसको उपचार के लिए देहरादून ले गए थे, जहां उपचार के दौरान अखिलेश की मौत हो गई। मृतक के पिता विजयपाल सिंह की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली।

# पिंजरे में कैद हुआ गुलदार

**चांदपुर ( चिंगारी )। क्षेत्र के शिवाला खुर्द गांव में एक गुलदार वन विभाग द्वारा लगाए गए पिंजरे में कैद हो गया। गुलदार मादा है तथा उसकी आयु लगभग साढ़े तीन चार वर्ष है। मालूम हो कि क्षेत्र के ग्राम जलालुद्दीनपुर, मूंदरा, बास्टा रोड सहित कई स्थानों पर गुलदार धूमते दिखाई देने से ग्रामीणों में भय बना हुआ है। ग्रामीणो ने वनविभाग के अधिकारियों से गुलदार को पकड़ने के लिए लगातार पिंजरा लगाये जाने की मांग की है।**

# आज़म खां को बड़बोलापन पड़ा भारी

## ऊंट फिर आया पहाड़ के नीचे

**बिजनौर (चिंगारी)।** पुरुष बली नहि होत है, समय होत बलवान। जी हां, जिस आईएएस अफसर को आज़म खान ने 2019 में तनखैय्या कहा था, अपने जूते साफ कराने की हसरत पाली थी, वही अधिकारी अब रामपुर की जौहर यूनिवर्सिटी के मुस्तकबिल का फैसला करेगा।




रामपुर विकास प्राधिकरण (RDA) के अध्यक्ष मुरादाबाद मंडल के कमिश्नर आन्जनेय कुमार सिंह हैं। वहीं अपीलीय अधिकारी भी हैं। RDA के उपाध्यक्ष यानी डीएम अजय कुमार द्विवेदी ने 15 जुलाई को यूनिवर्सिटी के ध्वस्तीकरण का आदेश दिया है। इस मामले से जुड़े आर्किटेक्ट कहते हैं कि जौहर यूनिवर्सिटी को बचाने के लिए आजम खान को करीब 100 करोड़ से ज्यादा चुकाने पड़ सकते हैं। प्राधिकरण के फाइन से बचने के लिए आजम के पास 3 रास्ते हैं।

**पहला**– RDA में 38 बिल्डिंगों के मैप कंपाउंडिंग के जरिए पास कराएं। ये इतना आसान नहीं होगा, क्योंकि उन्हें विकास शुल्क, लेबर सेस, कंपाउंडिंग फीस और इंपैक्ट की भारी भरकम फीस भरनी होगी।

**दूसरा**– आजम के पास हाईकोर्ट जाने का भी रास्ता है, लेकिन नक्शे पास कराने के लिए उन्हें आखिर में RDA के पास ही जाना पड़ेगा।

**तीसरा**– कमिश्नर आन्जनेय सिंह के पास जाएं और RDA ऑर्डर को होल्ड कराने के लिए आवेदन दें।

**इसलिये बुजुर्गों ने कहा है, इंसान को बहुत सोच-समझकर बोलना चाहिए। वक्त का पता नहीं, कब बदल जाये।**

# आधुनिक श्रवण कुमार बनी बहू

## सास को कांवड़ में बैठाकर करा रही तीर्थ यात्रा

-नरेश गुप्ता

**हरिद्वार (चिंगारी)।** कांवड़ यात्रा के दौरान कभी-कभी श्रद्धालुओं को अपने माता-पिता को कांवड़ में बैठाकर तीर्थ यात्रा कराते हुए देखा जाता है। ऐसे श्रद्धालुओं को लोग आधुनिक श्रवण कुमार की संज्ञा देते हैं। लेकिन इस बार हरिद्वार में एक ऐसा भावुक और प्रेरणादायक दृश्य देखने को मिला, जिसने हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। यहां एक बहू अपनी वृद्ध सास को कांवड़ में बैठाकर हरिद्वार से उत्तर प्रदेश के हापुड़ तक पैदल यात्रा कर रही है। इस अनोखी यात्रा में एक छोटी बच्ची भी अपनी दादी की सेवा में कदम से कदम मिलाकर चल रही है।



### सास की इच्छा पूरी करने के लिए उठाया जिम्मा

उत्तर प्रदेश के हापुड़ निवासी ऊषा देवी लंबे समय से कांवड़ यात्रा और गंगा स्नान की इच्छा रखती थी। उम्र बढ़ने के कारण उनके लिए पैदल यात्रा करना संभव नहीं था। परिवार में चार पुत्र होने के बावजूद उनकी इस इच्छा को पूरा करने का संकल्प उनकी बहू पिंकी ने लिया। पिंकी अपनी सास को हरिद्वार लेकर पहुंची और सबसे पहले हर की पैड़ी पर गंगा स्नान कराया। इसके बाद उन्होंने ऊषा देवी को विशेष रूप से तैयार की गई कांवड़ में बैठाया और पैदल यात्रा शुरू कर दी। अब वह हरिद्वार से हापुड़ तक का सफर अपनी सास को कंधों का सहारा देकर तय कर रही है।

### सेवा को बताया अपना सौभाग्य

पिंकी का कहना है कि सास की सेवा करना उनका कर्तव्य ही नहीं, बल्कि सौभाग्य भी है। उन्होंने कहा कि जिस तरह माता-पिता अपने बच्चों के लिए जीवनभर त्याग करते हैं, उसी तरह बुढ़ापे में उनकी सेवा करना परिवार की जिम्मेदारी है।

यात्रा के दौरान जब भी लोग इस दृश्य को देखते हैं, तो रुककर उनकी सराहना करते हैं। कई श्रद्धालु बहू के इस समर्पण को देखकर भावुक हो जाते हैं और उन्हें आधुनिक श्रवण कुमार की संज्ञा दे रहे हैं।

### नन्ही पोती राधा भी बनी प्रेरणा

इस यात्रा का सबसे भावुक पहलू ऊषा देवी की पोती राधा है। कम उम्र होने के बावजूद राधा अपनी दादी के प्रति प्रेम और सम्मान का अद्‌भुत उदाहरण पेश कर रही है। जहां उसकी उम्र खेलने और पढ़ाई करने की है, वहीं वह अपनी दादी की सेवा में पूरी श्रद्धा के साथ जुटी हुई है। यात्रा के दौरान राधा कभी कांवड़ को संभालने में मदद करती है तो कभी अपनी दादी का हालचाल पूछती रहती है। राहगीरों और श्रद्धालुओं का कहना है कि इतनी छोटी उम्र में ऐसे संस्कार और सेवा भाव दुर्लभ हैं।

> **हरिद्वार से हापुड़ तक की यह यात्रा केवल एक धार्मिक यात्रा नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति में परिवार, सेवा और संस्कारों की उस परंपरा का प्रतीक है, जो पीढ़ियों से चली आ रही है। बहू पिंकी और नन्ही राधा का यह समर्पण लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गया है और कांवड़ यात्रा के बीच मानवीय संवेदनाओं की एक सुंदर तस्वीर पेश कर रहा है।**

### रिश्तों और संस्कारों का जीवंत संदेश

आज के दौर में जहां रिश्तों में दूरियां बढ़ने की चर्चा अक्सर होती है, वहीं यह परिवार प्रेम, सम्मान और पारिवारिक मूल्यों की मिसाल बनकर सामने आया है। एक बहू द्वारा अपनी सास को कांवड़ में बैठाकर तीर्थ यात्रा कराना और एक छोटी पोती का अपनी दादी की सेवा में साथ देना समाज को सकारात्मक संदेश दे रहा है।

# कनकपुर कला में खुर्शीद मंसूरी का किया गया भव्य स्वागत



**नजीबाबाद (चिंगारी)।** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कनकपुर कला में आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम) की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि साहनपुर नगर पंचायत चेयरमैन एवं आज़ाद समाज पार्टी के मुरादाबाद मंडल प्रभारी खुर्शीद मंसूरी का ग्रामीणों ने फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया। बैठक को संबोधित करते हुए अब्दुल्ला गुलज़ार ने कहा कि पिछले 15 वर्षों में नजीबाबाद विधानसभा शिक्षा, स्वास्थ्य व रोजगार जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में काफी पिछड़ गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि क्षेत्र के जनप्रतिनिधि ने विधानसभा में जनता की मूलभूत समस्याओं को प्रभावी ढंग से नहीं उठाया और न ही युवाओं के रोजगार को लेकर कोई ठोस आवाज़ बुलंद की। श्री मंसूरी ने कहा कि आज़ाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नगीना लोकसभा सांसद चंद्रशेखर आज़ाद लगातार सड़क से लेकर सदन तक जनता के अधिकारों व समस्याओं को लेकर आवाज़ उठा रहे हैं। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि यदि जनता एकजुट होकर आज़ाद समाज पार्टी का साथ देती है तो वर्ष 2027 में पार्टी की सत्ता में भागीदारी सुनिश्चित होगी तथा नजीबाबाद विधानसभा में विकास की गंगा बहेगी। ग्रामीणों ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से खुर्शीद मंसूरी को अवगत कराया, जिनके समाधान के लिए हरसंभव प्रयास करने का आश्वासन दिया गया। हाफिज़ नूर की अध्यक्षता एवं नौशाद अहमद के संचालन में कार्यक्रम में रियाज़ अंसारी, इमरान मंसूरी, निजामुद्दीन, शाकिर अंसारी, हनीफ, अशफ़ाक़, तय्यब एडवोकेट, इरशाद अहमद, डॉ. शमशाद, नूर मोहम्मद, ताहिर इलियास, मुस्तकीन, इस्माईल, जावेद, कलीम सहित काफी ग्रामीण एवं पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# समाधान दिवस में 22 शिकायतें आईं, एक हल हो पाई

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** स्थानीय तहसील के दुष्यंत कुमार सभागार में शनिवार को एसडीएम शैलेंद्र सिंह की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस में 22 शिकायतें दर्ज कराई गईं, जिसमें से एक शिकायत का मौके पर समाधान करा दिया गया। बाकी 21 शिकायतों को समाधान के लिए संबंधित विभागों को भेज दिया गया। एसडीएम ने सभी विभागों के कर्मचारियों से शासन की मंशा के अनुरूप समस्या का समाधान करने का निर्देश दिया।


# मिर्गी दौरे

**(मिर्गी के लक्षण)**

1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना





**डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'**
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A.,
F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)

**डा. अर्सलान अय्यूब**
M.B.B.S. (TU), M.I.P.S.,
Member of Indian Psychiatry Association



**(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)**

1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान

**45 वर्ष से आपकी सेवा में**

**मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र**

पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने,
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423


## INFORMATON

SCHOOL RECORD LIST MY MOTHER'S NAME AS SEEMA PARVEEN, MY MOTHER'S CORRECT AND REAL NAME IS SEEMA RANI BARKATULLAH R/o MOHALLA, NAWAB PURA NAJIBABAD, DISTT BIJNOR

# बाइक सवार दो युवक अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल

**नजीबाबाद (चिंगारी)। मंडावली थाना क्षेत्र के ग्राम मिर्जापुर सैद में स्प्रिंग फील्ड एकेडमी के पास शनिवार को अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवक तिसोतरा निवासी 32 वर्षीय लाला सिंह व 36 वर्षीय अर्जुन घायल हो गये। बताया जाता है कि उक्त दोनों युवक बाइक से अपने गांव नांगल की ओर लौट रहे थे। तेज गति से आ रहे अज्ञात वाहन से उनकी बाइक की टक्कर हो गई। चालक मौके पर वाहन छोड़कर फरार हो गया। सूचना मिलने पर मंडावली थाने के दरोगा दयानंद ने पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचकर दोनों घायलों को उपचार के लिए मंडावली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया।**


# नगरपालिका बोर्ड ने बजट किया पास तेजी से होगा अफ़ज़लगढ़ का विकास



**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** शनिवार को नगर पालिका परिषद अफजलगढ़ के सभागार में आयोजित बोर्ड बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 का वार्षिक बजट प्रस्तुत किया गया। जिसे सभागार में उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई। जानकारी के अनुसार बजट को लेखाकार संजीव कुमार द्वारा पढ़कर सुनाया गया। बजट में 17,32,43,000 रुपये प्रस्तावित आय के सापेक्ष 17,28,86,852 रुपये के व्यय का प्रावधान किया गया। बैठक में पालिका क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर सड़कों के निर्माण, पाइपलाइन विस्तार, स्ट्रीट लाइटें लगाए जाने तथा नगर में नालियों के टूटे चैनल/स्लैब एवं नालियों की मरम्मत कराए जाने संबंधी प्रस्ताव भी सर्वसम्मति से पारित किए गये। बैठक की अध्यक्षता पालिका अध्यक्ष ताबस्सुम ने तथा संचालन अधिशासी अधिकारी एस.पी. सिंह ने किया। बैठक में पालिका कर्मचारी संजीव कुमार, रोबिन अग्रवाल, सनी गुप्ता सहित नीतू पवार, बेबी, कृपा देवी, यासमीन खातून, अफरोज जहां, नईमा बेगम, नाजमा बेगम, उमेश कुमार, डॉ. मो. शाहिद, इमरोज, मो. कादिर, मुकीब खान सूरी, मुहम्मद शहनवाज, अजीमुश्शान, रियासतुल्ला, मो. अली, वजीर अहमद, सलीम अहमद अंसारी एवं जयपाल सिंह उपस्थित रहे।

# मकान की छत से गिरकर मासूम बच्ची की मौत

**शेरकोट ( चिंगारी )।** मकान की छत से गिरकर घायल हुई मासूम बच्ची की उपचार के दौरान मौत हो गई। अचानक हुए इस हादसे से परिजनों में कोहराम मच गया। रविवार की सुबह गमगीन माहौल में बच्ची को सुपुर्द ए खाक कर दिया गया।



प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला शेर खान निवासी रिहान अहमद की 2 वर्षीय पुत्री मेहविश कल देर शाम अपने मकान की छत पर खेल रही थी। जबकि सब परिजन अपने काम में लगे हुए थे। बताया जाता है कि इस दौरान मेहविश अनियंत्रित होकर छत में बने जाल से नीचे आ गिरी, जिससे उसको गंभीर चोट लगी। बच्ची के रोने की आवाज सुनकर परिजनों दौड़ पड़े और उसे तत्काल उपचार हेतु धामपुर ले गये। हालत गम्भीर देखकर डाक्टरों ने मेहविश को मुरादाबाद रैफर कर दिया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। बच्ची की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया और मौहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई। रविवार की सुबह नौ बजे महविश को गमगीन माहौल में सुपुर्द ए खाक कर दिया गया। बताया जाता है कि रिहान मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता है। उसकी शादी लगभग तीन वर्ष पूर्व ही हुई थी। उसकी दो पुत्रियां थीं, जिनमें महविश बड़ी थी। इस घटना से परिजनों में कोहराम और मौहल्ले में शोक का माहौल है।

# दुकान में कोबरा सांप देख दुकानदार के पसीने छूटे

## वनकर्मियों ने रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा



कोबरा सांप को रेस्क्यू करते वनकर्मी।

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** थाना रेहड़ क्षेत्र के ग्राम छतरीपट्टा निवासी प्रेम सिंह ने प्रतिदिन की भांति जब शनिवार को केहरीपुर जंगल स्थित अपनी बाइक रिपेयरिंग की दुकान खोली तो वहां कोबरा सांप बैठा देख उसके होश उड़ गए और वह पसीना-पसीना हो गया। शोर मचाने पर पड़ोसी दुकानदार व राहगीर भी वहां आ गए जिन्होंने स्थानीय वनकर्मियों को इसकी सूचना दी। सूचना पाते ही पहुंचे वन दरोगा रवि कुमार सांप को रेस्क्यू कर ले गए। अमानगढ़ वन क्षेत्राधिकारी अंकिता किशोर ने बताया कि सांप को अमानगढ़ टाइगर रिजर्व के कक्ष संख्या 15 में छोड़ा गया है। अंकिता किशोर ने क्षेत्रवासियों का आह्वान किया कि अगर किसी को आबादी क्षेत्र में कोई वन्यजीव दिखाई दे तो उसे छेड़े नहीं, और न ही उसे कोई नुकसान न पहुंचाएं बल्कि तुरंत वनकर्मियों को सूचित करें, ताकि बिना किसी नुकसान के समय रहते उसे रेस्क्यू कर उसके प्राकृतिक वास में सुरक्षित छोड़ा जा सके।

# डीएम-एसपी ने किया मार्ग का निरीक्षण

**पैजनिया ( चिंगारी )।** जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर व पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने नहटौर से पैजनिया तक कांवड़ यात्रा मार्ग का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को कांवरतियों की सुरक्षा व्यवस्था एवं सुगम यात्रा के लिये आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। शनिवार को दोनों अधिकारी मार्ग का निरीक्षण करते हुए पैजरिया चौराहे पर पहुंचे और उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा मार्ग पर कोई अवरोध पैदा न हो, मार्ग के दोनों ओर पटरियों की सफाई की जाये तथा बिजली के खंभों तक सुरक्षात्मक सामग्री लगवाई जाये। इस दौरान हल्दौर थाना प्रभारी निरीक्षक बिजेन्द्र राठी तथा रणधीर सिंह, दिलशाद, गौतम सिंह व अन्य अधिकारी मौजूद रहे। उधर, पैजनिया-चांदपुर मार्ग पर पेड़ों की छंटाई का काम जारी है। कांवड़ यात्रा के मददेनजर चांदपुर रेंज के वन कैटल गार्ड परवेज अमीर द्वारा वृक्षों की टहनियों की छंटाई की जा रही है। बता दें कि पैजनिया-चांदपुर रोड से बड़ी संख्या में कांवरती गुजरते हैं।

# महिलाओं का असिस्टेंट बुक कीपर का 48 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न



**हल्दौर ( चिंगारी )।** पीएनबी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) पर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक और सार्थक पहल पूरी हुई। संस्थान द्वारा बेरोजगार महिलाओं के लिए आयोजित असिस्टेंट बुककीपर का 48 दिवसीय नि:शुल्क प्रशिक्षण शनिवार को संपन्न हो गया। प्रशिक्षण के अंतिम दिन मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के अनुसार मूल्यांकन प्रक्रिया पूरी की गई। संस्थान के निदेशक मनीष कुमार गौतम ने प्रशिक्षण पूरा करने वाली 30 महिला प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। इस 48 दिवसीय कार्यशाला में प्रशिक्षुओं को न केवल लेखांकन का गुर सिखाया गया, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए उद्यमी गुणों, बीमा योजनाओं, पेंशन, मार्केट सर्वे और बैंकिंग क्षेत्र की बारीकियों से भी रूबरू कराया गया। डिजिटल युग की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए महिलाओं को कंप्यूटर टैली, एमएस वर्ड, एक्सेल शीट के साथ-साथ जीएसटी, पैन कार्ड और विभिन्न ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रक्रियाओं का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया। प्रशिक्षकों ने बताया कि टेली का उपयोग वित्तीय लेखांकन, इन्वेंट्री प्रबंधन और कर अनुपालन जैसे व्यावसायिक कार्यों को सुव्यवस्थित करने में बेहद सहायक है।

# आज़म ख़ान को कोर्ट से झटका

## 2 साल की सज़ा बरकरार



**रामपुर ( चिंगारी )।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खान से जुड़े दो अलग-अलग मामलों में रामपुर की एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट ने शनिवार को फैसला सुनाया। एक मामले में अदालत ने निचली अदालत द्वारा सुनाई गई दो साल की सजा को बरकरार रखा, जबकि दूसरे हेट स्पीच मामले में निचली अदालत के बरी करने के फैसले को भी कायम रखा। पहला मामला आजम खान के तनखैया वाले बयान से जुड़ा है। इस मामले में निचली अदालत ने उन्हें दो साल की सजा सुनाई थी। निचली अदालत के फैसले को चुनौती देते हुए आजम खान ने सेशन कोर्ट में अपील दायर की थी। हालांकि, सेशन कोर्ट ने उनकी अपील खारिज करते हुए दो साल की सजा को बरकरार रखा। यह मामला 29 मार्च 2019 को लोकसभा चुनाव के दौरान दिये गये भाषण से जुड़ा है। आचार संहिता उल्लंघन के आरोप में संबंधित धाराओं के तहत भोट थाने में एफआईआर दर्ज की गई थी, इस मामले में 16 मई 2026 को निचली अदालत ने आजम खान को दोषी ठहराते हुए दो साल की सजा सुनाई थी। अब सेशन कोर्ट ने भी उस फैसले को बरकरार रखा है।

# चार स्थानों पर हुई चोरी के दो आरोपी पकड़े, सामान बरामद



किरतपुर (चिंगारी)। पुलिस ने चोरी के तीन अलग-अलग मामलों का खुलासा करते हुए परवेज उर्फ शहबाज निवासी मोहल्ला मिल्कियान, सुहेल पुत्र बब्बन निवासी मोहल्ला मिल्कियान शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी के आभूषण, नकदी तथा अन्य सामान बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार, 16 जुलाई को एक महिला की तहरीर पर थाना किरतपुर में मुकदमा दर्ज किया गया था। महिला ने आरोप लगाया था कि 13 जुलाई को उसके घर से सोने-चांदी के आभूषण और अन्य सामान चोरी हो गया था। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने शनिवार को कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से एक जोड़ी सफेद धातु की पायल, एक जोड़ी बिछुए, एक कलाई घड़ी, एक अन्य चोरी के मामले से संबंधित 1,150 रुपये तथा पंखे और केबल बेचकर प्राप्त 1,450 रुपये नकद बरामद किए गए।

पुलिस का कहना है कि बरामद सामान और नकदी तीन अलग-अलग चोरी के मामलों से संबंधित हैं। बरामदगी के आधार पर संबंधित मुकदमों में बीएनएस की धारा 317(2) की बढ़ोतरी की गई है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार दोनों आरोपियों के विरुद्ध पूर्व में भी चोरी के कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस आरोपियों के आपराधिक इतिहास की भी जांच कर रही है।

# प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया



चांदपुर (चिंगारी)। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल का चांदपुर पहुंचने पर कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल कल शाम यहां बिजनौर रोड स्थित डा. लाखन सिंह पाल के आवास पर पहुंचे, जहां कार्यकर्ताओं द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष ने पीडीए को मजबूत बनाने तथा अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव में जुट जाने का कार्यकताओं से आह्वान किया। इस अवसर पर नूरपुर विधायक रामअवतार सैनी, जिलाध्यक्ष हनी फैसल, धनंजय यादव, शकील पहलवान, मोमिन खान, राजकुमार यादव, बहार आलम, नफीस सैफी आदि मौजूद रहे।

# 20 दिन पूर्व मिली शिवराम की लाश को लेकर पुलिस से मिले पत्नी व ग्रामीण

## हत्या की आशंका जताकर कार्यवाही की मांग की



शिवराम का फाइल फोटो

कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)। थाना रेहड़ क्षेत्र के ग्राम फतेहपुर धारा में एक किसान के चरी के खेत में 28 जून को मिली उत्तराखंड के जसपुर थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम देवीपुरा निवासी 60 वर्षीय शिवराम की लाश के मामले में शनिवार को ग्राम प्रधान एवं अनेक ग्रामीणों संग थाना रेहड़ पहुंची मृतक की पत्नी सोमती देवी ने छजमलवाला निवासी एक व्यक्ति पर साजिशन शिवराम की हत्या का आरोप लगाते हुए रेहड़ पुलिस से कार्यवाही की मांग की है। सोमती देवी का आरोप है कि वह व्यक्ति उसे 26 जून को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था और 28 जून की प्रात: शिवराम की सड़ी गली लाश मिली थी। विदित हो कि रेहड़ पुलिस द्वारा कराए गए शिवराम के शव के पोस्टमार्टम की रिपोर्ट के आधार पर थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार वर्मा द्वारा बताया गया था कि मृतक शिवराम के शरीर पर किसी प्रकार की चोट के कोई निशान नहीं पाए गए। उन्होंने बताया था कि शराब के अधिक सेवन से शिवराम की मौत हुई होगी, जिसकी पुष्टि के लिए बिसरा जांच हेतु भेजा हुआ है।

# द हेजलमून स्कूल में इलेक्ट्रानिक टारगेट शूटिंग रेंज का शुभारंभ



चांदपुर (चिंगारी)। द हेज़लमून स्कूल ने विद्यार्थियों की खेल प्रतिभा को नई दिशा देने के लिए इलेक्ट्रॉनिक टारगेट शूटिंग रेंज का शुभारंभ किया। यह अत्याधुनिक जर्मनी निर्मित SIUS इलेक्ट्रॉनिक टारगेट सिस्टम है, जिसका उपयोग राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की शूटिंग प्रतियोगिताओं में किया जाता है।

द हेज़लमून स्कूल बिजनौर जनपद का पहला स्कूल बन गया है, जहां विद्यार्थियों को इस आधुनिक तकनीक से अभ्यास करने का अवसर मिलेगा। पहले खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण के लिए दिल्ली, नोएडा या फरीदाबाद जैसे शहरों का रुख करना पड़ता था, लेकिन अब उन्हें यह सुविधा अपने ही विद्यालय में उपलब्ध होगी। इससे विद्यार्थियों का समय और संसाधनों की बचत होगी तथा वे उच्च स्तर की प्रतियोगिताओं की बेहतर तैयारी कर सकेंगे।

विद्यालय की निर्देशिका शक्ति भारद्वाज मित्तल ने कहा कि हमारा उद्देश्य विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी उत्कृष्ट अवसर प्रदान करना है। इलेक्ट्रॉनिक टारगेट शूटिंग रेंज की स्थापना से हमारे विद्यार्थियों को विश्वस्तरीय सुविधाओं का लाभ मिलेगा और वे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय तथा जनपद का नाम रोशन करेंगे।

# ग्रेट इंडियन एकेडमी में हुई अंतर सदन शतरंज एवं कैरम प्रतियोगिता आयोजित

**झालू (चिंगारी)। ग्रेट इंडियन एकेडमी में अंतर सदन शतरंज एवं कैरम प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। जिसका समापन शनिवार को किया गया।**

प्रतियोगिता छह चरणों में आयोजित की गई। प्रथम चरण में 112 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसके बाद क्रमश: द्वितीय चरण में 56, तृतीय चरण में 28, चतुर्थ चरण में 14, पांचवें चरण में 7 तथा अंतिम चरण में 4 प्रतिभागियों ने अपनी जगह बनाई। सभी मुकाबले अत्यंत रोमांचक रहे और खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया। छात्रों में प्रथम स्थान पर अरहान अहमद (एडिसन सदन), द्वितीय स्थान पर कनिष्का कटियार (एडिसन सदन), तृतीय स्थान पर मोहम्मद इशान (आइंस्टीन सदन) से तथा छात्राओं में भी प्रतियोगिता चरणबद्ध रूप से आयोजित की गई। प्रथम चरण में 58 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसके



बाद क्रमश द्वितीय चरण 29, तृतीय चरण में 14, चतुर्थ चरण में 7 तथा पांचवें चरण में 4 प्रतिभागी अगले चरणों में पहुंचे। अंतिम दौर में 2 प्रतिभागियों के बीच शानदार मुकाबला हुआ। सभी प्रतिभागियों ने अनुशासन, आत्मविश्वास एवं खेल भावना का उत्कृष्ट परिचय दिया। वहीं दूसरी ओर शतरंज प्रतियोगिता का भी सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 30 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता पांच चरणों में संपन्न हुई, जिसमें प्रथम चरण के बाद 15, द्वितीय चरण के बाद 8, तृतीय चरण के बाद 4 तथा अंतिम चरण में 2 प्रतिभागी पहुंचे। प्रतियोगिता में आयुष गौड़ (आइंस्टीन सदन) ने प्रथम स्थान, अब्दुल आहद (एडिसन सदन) ने द्वितीय स्थान तथा कनिष्का कटियार (एडिसन सदन) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

विद्यालय के प्रबंधक महोदय गौरव डाबरा, प्रधानाचार्य मुकुल शर्मा, उपप्रधानाचार्या श्रीमती दीक्षा डाबरा, डीन ऑफ एकेडमी आयुष अग्रवाल ने विजेता एवं प्रतिभागी विद्यार्थियों को उनकी शानदार उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# सेंट मेरी कॉन्वेंट स्कूल हल्दौर में हुआ भव्य स्वागत समारोह




**हल्दौर ( चिंगारी )।** सेंट मेरी कॉन्वेंट स्कूल, हल्दौर में विद्यालय परिवार द्वारा स्वागत समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सिस्टर शेल्टी रहीं। विद्यालय पहुंचने पर मुख्य अतिथि का नन्हे-मुन्ने बच्चों ने पुष्प वर्षा एवं फूल भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने मनमोहक प्रार्थना नृत्य, बॉलीवुड नृत्य, समूह गायन एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी अतिथियों का मन मोह लिया। बच्चों की शानदार प्रस्तुतियों पर उपस्थित अभिभावकों एवं अतिथियों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका उत्साहवर्धन किया। मुख्य अतिथि सिस्टर शेल्टी ने गत शैक्षणिक वर्ष में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को उपहार देकर सम्मानित किया तथा उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए अपना आशीर्वाद प्रदान किया। साथ ही विद्यालय के शिक्षकों को भी उनके समर्पण एवं उत्कृष्ट कार्य के लिए उपहार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या सिस्टर शैनेट ने मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया। सिस्टर क्लेरेट और सिस्टर फिलबी ने उन्हें शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया तथा सिस्टर प्रेशा ने स्मृति-चिह्न स्वरूप उपहार भेंट किया। कार्यक्रम के समापन के पश्चात सिस्टर शेल्टी ने विद्यालय परिसर का भ्रमण किया। उन्होंने विद्यालय की स्वच्छता, अनुशासन, शैक्षणिक वातावरण एवं विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए विद्यालय परिवार को शुभकामनाएं दीं। प्रधानाचार्या ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं उपस्थितजनों का आभार व्यक्त कर उनका धन्यवाद किया।

# सामाजिक संगठन जनता का बल चाहता है समस्याओं का हल



## स्वास्थ्य केन्द्र में सुविधाओं की मांग

**किरतपुर ( चिंगारी )।** सामाजिक संगठन जनता का बल की ओर से प्रभारी चिकित्सा अधिकारी किरतपुर को मुख्यमंत्री के नाम प्रेषित एक ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में कहा गया है कि स्वास्थ्य केंद्र किरतपुर पर अल्ट्रासाउंड मशीन, प्रसूति रोग सर्जन, नेत्र सर्जन, अर्थो सर्जन उपलब्ध नहीं हैं, जबकि क्षेत्र की आबादी लगभग अस्सी हजार है व ग्रामीण क्षेत्र की आबादी एक लाख पचास हजार है, जबकि इस केंद्र पर ये सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं, जबकि स्वास्थ्य केंद्र का भवन व जमीन बहुत बड़ी है। रोगियों को उपचार के लिये 20 किलोमीटर दूर जिला मुख्यालय बिजनौर जाना पड़ता है। इससे पहले भी समस्या से अवगत कराया जा चुका है। इस स्वास्थ्य संबंधी सुविधा को उपलब्ध कराने की मांग पूरी की जाये। ज्ञापन देने वालों में संस्था के अध्यक्ष मोहम्मद तालिब, महामंत्री हसन अली चौधरी एडवोकेट, मोहम्मद खालिद, मोहम्मद इश्तियाक, नीरज कुमार, जतिन कुमार, दीपक कुमार, मोहम्मद ज़ेद, शरीफ अहमद आदि शामिल थे।

# जौहर यूनिवर्सिटी को बचायें अखिलेश - काज़ी

**बिजनौर ( चिंगारी )। सामाजिक चिंतक काज़ी ज़ियाउर्रहमान ने रामपुर में मौलाना मोहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी पर बुलडोज़र कार्यवाही के आदेश पर चिंता व्यक्त करते हुए इसे स्टूडेंट्स के भविष्य से खिलवाड़ बताते हुए समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव का ध्यान दिलाते हुए कहा कि जिस पीडीए की वो बात करते हैं, ये यूनिवर्सिटी उसी पीडीए के लोगों के लिए बनाई गई थी, इसके लिए आंदोलन करेंगे तो समझ में आएगा कि नीयत साफ है। रथ यात्रा निकालनी है तो जौहर यूनिवर्सिटी को बचाने के लिए निकालें, तब पता चलेगा कि वो शिक्षा और छात्रों के लिए क्या सोच रखते हैं।**

# नवागत खंड शिक्षा अधिकारी से मिले जूनियर हाई. शिक्षक संघ के पदाधिकारी



**हल्दौर ( चिंगारी )।** हल्दौर विकास खंड में नवागत खंड शिक्षा अधिकारी सूर्यकांत गिरि के कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने ब्लॉक अध्यक्ष रणजीत सिंह के नेतृत्व में शिष्टाचार भेंट की। भेंट से पूर्व संघ की मासिक कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई, जिसमें संगठनात्मक गतिविधियों एवं शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। बैठक के बाद प्रतिनिधिमंडल ने खंड शिक्षा अधिकारी से मुलाकात कर शिक्षकों से जुड़े प्रमुख मुद्दों को विस्तार से रखा। खंड शिक्षा अधिकारी ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके नियमानुसार समाधान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर जिला संयुक्त मंत्री अल्फिया अफजाल, जिला मंत्री तरुण गुप्ता, ब्लॉक मंत्री सचिन राजपूत, प्रमेंद्र रायसन, नवनीत चौहान, नागेश कुमार, डॉ. अतीक दानिश, मुहम्मद जावेद, कंचन कुमार, ब्रिजेश कुमार, राहुल कुमार, मनीष कुमार, मौ.नासिर, कुमुद सिसौदिया, सिब्तेन सय्यदा, काजल, रीना चौहान सहित संघ के अनेक पदाधिकारी एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

# लड़की को रात में मामा के घर बुलाया भाई ने मुक़दमा दर्ज कराया

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )। एक युवक द्वारा एक लड़की को रात में मामा के घर बुलाकर छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। कानूनी कार्यवाही हेतु थानाध्यक्ष रेहड़ को दिए प्रार्थना-पत्र में लड़की के भाई ने बताया कि जनपद मुरादाबाद के थाना डिलारी क्षेत्रांतर्गत ग्राम सलारपुर निवासी बबलू का पुत्र दिव्यांशु क्षेत्र के ग्राम बादशाहपुर में अपने मामा वीर सिंह के घर आया हुआ था। आरोप है कि गुरुवार की रात्रि दिव्यांशु ने लड़की को बहला-फुसलाकर अपने मामा के घर बुला लिया और उसके साथ छेड़छाड़ की। तड़के 4 बजे जब वह घर आई तो उसने आप बीती सुनाई। थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार वर्मा का कहना है कि लड़की के भाई की तहरीर के आधार पर आरोपी दिव्यांशु के विरुद्ध बीएनएस की धारा 74 व पोक्सो एक्ट की धारा 7 व 8 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले में अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।**

# यूएनईपी ने शाश्वत धीमान को थैंक यू कार्ड भेजकर सराहना की

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** जनपद बिजनौर के बाल पर्यावरण प्रहरी शाश्वत धीमान द्वारा संचालित 'नो वेस्ट, नो (जानना) वेस्ट' अभियान को संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) द्वारा आयोजित विश्व पर्यावरण दिवस-2026 के वैश्विक अभियान में आधिकारिक रूप से पंजीकृत किया गया है। शाश्वत, गुरुकुल इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल हरचंदपुर का कक्षा 8 का छात्र है। शाश्वत धीमान द्वारा संचालित उक्त अभियान के सफल क्रियान्वयन पर यूएनईपी ने उन्हें व्यक्तिगत रूप से आधिकारिक थैंक यू कार्ड जारी कर उनके योगदान की सराहना की है। यूएनईपी द्वारा भेजे गये संदेश में कहा गया है कि शाश्वत का अभियान विश्व पर्यावरण दिवस 2026 के उस वैश्विक मंच का हिस्सा बना, जो पर्यावरण संरक्षण के लिये दुनिया का सबसे बड़ा प्लेटफॉर्म है। शाश्वत धीमान ने बताया कि वे पिछले तीन वर्षों से 'नो (नहीं) वेस्ट, नो (जानना) वेस्ट' अभियान के माध्यम से नागरिकों को खुले में कचरा न फेंकने, कचरे के पृथक्करण, पुनर्चक्रण (रीसाइक्लिंग) तथा स्वच्छ एवं हरित पर्यावरण अपनाने के लिये प्रेरित कर रहे हैं। शाश्वत धीमान, गुरुकुल इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल हरचंदपुर में कक्षा 8 का छात्र है तथा समीपवर्ती ग्राम मायापुरी निवासी शिक्षक वीरेन्द्र शर्मा का सुपुत्र है।



शाश्वत धीमान

# दिव्य सेवा संस्थान के इंटर्नशिप छात्रों ने पॉलीथीन के विरूद्ध अभियान चलाया

**नगीना ( चिंगारी )।** पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दिव्य सेवा संस्थान के इंटर्नशिप छात्रों ने नगर पालिका परिषद, नगीना के सहयोग से सिंगल यूज़ प्लास्टिक, पॉलीथीन के विरुद्ध जनजागरूकता अभियान चलाया। उन्होंने नगर को प्लास्टिक मुक्त बनाने एवं पर्यावरण बचाने की मुहिम छेड़कर लोगों को पॉलिथीन छोड़ने के लिए प्रेरित किया तथा अभियान के दौरान नागरिकों, दुकानदारों एवं राहगीरों को कपड़े के थैले वितरित किए। शनिवार की पूर्वाह्न को नगर की समाजसेवी संस्था दिव्य सेवा संस्थान के सेवादारों एवं इंटर्नशिप छात्रों ने पालिका के सफाई एवं खाद्य निरीक्षक धीरज राय वर्मा के साथ बाजार क्षेत्र मंडी मौलगंज में पहुंचकर वहां के दुकानदारों एवं ठेले स्वामियों को कपड़े के थैले वितरित करके सिंगल यूज़ प्लास्टिक एवं पॉलीथीन का प्रयोग न करने का संदेश दिया। अभियान के दौरान कुछ दुकानदार एवं ठेले स्वामी पॉलीथीन का उपयोग करते हुए पकड़े गए, जिनसे पॉलीथीन जब्त करके भविष्य में पॉलीथीन के स्थान पर कपड़े के थैले का उपयोग करने तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का आग्रह किया गया। संस्था के प्रबंधक संजय शर्मा ने बताया कि इंटर्नशिप के माध्यम से विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों को सामाजिक उत्तरदायित्व एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना संस्था का उद्देश्य है। अभियान में इंटर्नशिप के छात्रों में देव, ध्रुव, धैर्य, उदयराज थापन, सौम्या अग्रवाल, नियती आदि रहे।



# हवन-यज्ञ से जीवन सफल बनता है : स्वामी ओमवेश



हीमपुर दीपा (चिंगारी)। सपा विधायक एवं आर्य विद्वान स्वामी ओमवेश ने सनातन धर्म और संस्कृति की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नित्य प्रति हवन /यज्ञ करने और वेद मंत्रों के सुनने-सुनाने से मानव का जीवन सफल बनता है। रविवार को क्षेत्र के रतनपुर खुर्द गांव स्थित सुरेंद्र सिंह निंदना के आवास पर आयोजित हवन/यज्ञ कार्यक्रम को वह संबोधित कर रहे थे। बताया कि जब बच्चा पैदा होता है और जानने लगता है आगे बढ़ता है तो उसमें सुख शांति की चाहत की ललक पैदा होने लगती है। परिस्थितियों के अनुसार वह उसे प्राप्त करने का प्रयास करता है। जो आर्य समाज के संपर्क में आते हैं वह सनातन धर्म संस्कृति अपनाकर ईश्वर की शरण में जाते हैं। इसके विपरीत अकूत धन संपत्ति और बड़ी-बड़ी अट्टालिकाएं देख जो खुश होते हैं, उनकी वह भ्रांति मात्र ही है। इस दौरान उन्होंने शराब आदि दुर्व्यसनों को त्यागने का आह्वान करते हुए कहा कि माता-पिता के प्रति सेवा भाव रखने वाला परोपकारी ही जीवन पर्यंत सफल होता है। अंत में उन्होंने वेद व्याख्या करते हुए कहा कि संपत्ति गई तो कुछ नहीं गया, स्वास्थ्य गया तो कुछ गया, अगर चरित्र चला गया तो सब कुछ चला जाता है। इससे पूर्व हवन/यज्ञ आदि धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए गए, जिसमें कटार सिंह शास्त्री यज्ञ के ब्रह्मा तथा पत्नी सहित ऋषभ सिंह यजमान बने। कार्यक्रम को सपा के विधानसभा क्षेत्र प्रभारी व संसार सिंह, राजकुमार एडवोकेट आदि वक्ताओं ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर भूमि विकास बैंक हल्दौर के चेयरमैन राकेश कुमार प्रधान जी, गन्ना सहकारी समिति चांदपुर के चेयरमैन राहुल कुमार, चौ. ओमप्रकाश सिंह, दयनाथ सिंह, डॉ प्रशांत चौधरी, सुबोध गुप्ता, सुरजीत सिंह, मा. बेगराज सिंह, मा. शिव कुमार आर्य, चौ. नरेश सिंह, जनता बाल विद्या मंदिर रतनपुर खुर्द के प्रबंधक मुकेश चंद्र आचार्य आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## कर्म से ही मानव को फल मिलता है - कुलदीप


आर्य समाज के प्रसिद्ध भजनोंपदेश एवं प्रचारक महाशय कुलदीप विद्यार्थी ने सनातन धर्म और संस्कृति पर विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि कर्म करने से ही मानव को उसका फल मिलता है। उन्होंने एकता भाईचारे के साथ मिलजुल कर रहने का सभी को संदेश दिया।

## फैक्ट्री में सोता रहा चौकीदार चोर जनरेटर, मोटर लेकर फरार

किरतपुर (चिंगारी)। निर्माणाधीन पानी की बोतल बनाने वाली फैक्ट्री में चोर जेनरेटर व मोटर चुराकर ले गए। चौकीदार सोता रह गया। स्थानीय मदनी इंटर कॉलेज के प्रबंधक शमशाद मदनी ने थाने में तहरीर दी कि वह नहटौर रोड पर पुरानी फैक्ट्री में ही पानी के बोतल बनाने की फैक्ट्री लगा रहे हैं। बीती रात चोर उनकी निर्माणाधीन फैक्ट्री से जेनरेटर व समरसेबिल की मोटर व 100 मीटर पाइप चुराकर ले गए। शमशाद ने बताया कि चौकीदार सोता रहा, उसे पता नहीं चला। सुबह जब वह फैक्ट्री गये, तो चौकीदार से पूछा कि जेनेटर और अन्य सामान कहां है, तो वह बोला मुझे नहीं पता मैं तो सो रहा था।

## संयम अहलावत ने नीट परीक्षा उत्तीर्ण कर दादा का सपना साकार किया

नांगल सोती (चिंगारी)। समीपवर्ती ग्राम महमसापुर निवासी रविराज सिंह अहलावत और शशि अहलावत के सुपुत्र संयम अहलावत ने नीट (यूजी) परीक्षा-2026 में 578 अंक प्राप्त कर अपना, अपने माता-पिता और गांव का नाम रोशन किया है। संयम ने 21 जून को आयोजित हुई नीट (यूजी) परीक्षा में 720 में से 578 अंक प्राप्त किये हैं। संयम की ऑल इंडिया रैंक 18912 तथा कैटेगरी (जनरल) रैंक 7207 है। संयम अहलावत का कहना है कि उनकी सफलता का सबसे बड़ा श्रेय उनके दादा जी शेर सिंह अहलावत को जाता है। उन्होंने ही उनके डॉक्टर बनने का सपना देखा था।



संयम अहलावत

## किसान मजदूर संगठन ने फुलसंदा बिजलीघर पर दिया धरना



धरना प्रदर्शन में विचार व्यक्त करते हुए प्रदेश महासचिव कैलाश लाम्बा।

नहटौर (चिंगारी)। बिजली की समस्या को लेकर राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन द्वारा फुलसंदा विद्युत उपकेंद्र पर धरना प्रदर्शन किया। मौके पर पहुंचे अधिशासी अभियंता नगीना, एसडीओ नगीना आदि ने किसानों को उनकी समस्याओं के समाधान के लिए त्वरित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। जिस पर धरना समाप्त कर दिया गया। शनिवार को राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के बैनर तले किसान फुलसंदा विद्युत उपकेंद्र पहुंचे। जहां पर उन्होंने अघोषित विद्युत कटौती होने एवं बिना नोटिस के उपभोक्ताओं के बढ़ाए गए विद्युत लोड को लेकर रोष जताया और प्रदर्शन शुरू कर दिया। मौके पर पहुंचे अधिशासी अभियंता नगीना पुष्पेश गिरि, एसडीओ नगीना संजय यादव, अवर अभियंता फुलसंदा राजदीप सिंह ने किसानों से वार्ता की। कई दौर में चली वार्ता के बाद आधिकारियों के त्वरित कार्रवाई करने के आश्वासन पर किसानों ने धरना प्रदर्शन समाप्त कर दिया। तिरमल सिंह ढकोली वालों की अध्यक्षता एवं उदित प्रधान के संचालन में आयोजित धरना प्रदर्शन में प्रदेश महासचिव कैलाश लाम्बा, जिलाध्यक्ष विनोद कुमार बिट्टू, राजीव सिंह गिलाड़ी, विपिन कुमार खेड़की, बृजपाल सिंह, आनंदपाल सिंह, संजीव चौधरी, संजीव नेताजी, करन सिंह, गिरिराज सिंह, संजीव प्रधान, कुलदीप ढकोली, उदित प्रधान आदि उपस्थित रहे।

## सभासद मौ. मोईद बने मंत्री जी के प्रतिनिधि

स्योहारा (चिंगारी)। सहसपुर नगर पंचायत में सभासद मोहम्मद मोईद को मंत्री प्रतिनिधि बनाया गया। सुहेलदेव भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश सरकार मे केबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने मोहम्मद मोईद को बिजनौर जनपद का प्रतिनिधि मनोनीत किया है। मोईद अहमद का कहना है कि मंत्री ओमप्रकाश राजभर द्वारा मुझे जो जिम्मेदारी मिली है उसे वह पूर्ण विश्वास के साथ निभाएगे।



## दो बाइकों की टक्कर में चार लोग घायल

शेरकोट (चिंगारी)। मंधोरा मार्ग पर दो बाइकों की आमने-सामने से हुई भीषण टक्कर में चार लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार हेतु सीएचसी धामपुर में भर्ती कराया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र के ग्राम नाथाडोई निवासी विशाल कुमार 25 वर्ष अपने ही गांव के रहने वाले देव कुमार 13 वर्ष के साथ बीती रात बाइक पर सवार होकर शेरकोट जा रहें थे। जब ये ग्राम नंदगांव के निकट पहुंचे तो इनकी बाइक की टक्कर सामने से आ रहे बढ़ापुर थाना क्षेत्र के ग्राम टाण्डा साहूवाला निवासी सोनू 27 वर्ष से हो गई। दोनों बाइकों के बीच हुई भीषण टक्कर में विशाल, देव और सोनू व उसका साथी विनीत गम्भीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने चारों घायलों को उपचार हेतु शेरकोट थाने की एम्बुलेंस द्वारा सीएचसी धामपुर भेज दिया। सब इंस्पेक्टर महेश शर्मा ने बताया कि घायलों को उपचार हेतु सीएचसी धामपुर भेज दिया गया था। बाइक सवारों की ओर से पुलिस को कोई तहरीर नहीं दी गई है। तहरीर मिलने पर जांच के उपरांत अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।




## किसान गोष्ठी में गन्ना रोगों से बचाव की जानकारी दी




नूरपुर (चिंगारी)। गांव धमरौला में अवध शुगर एंड एनर्जी लिमिटेड स्योहारा द्वारा नूरपुर-चांदपुर जोन में एक वृहद कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें डॉ. अवधेश डागर ने गन्ने में लगने वाले सामयिक कीट रोग जैसे- मिली बग, पोक्का बोईंग, बैक्टीरियल रोग, रेड-रॉट आदि के बारे में विस्तृत चर्चा की और उनके उपाय के बारे में भी जानकारी दी। अधिशासी अध्यक्ष सुखवीर सिंह ने किसान भाईयों से अपील की कि गन्ने की बुवाई कम से कम 4 फीट पर करें ताकि चीनी मिल द्वारा गन्ना कटाई हेतु केन हार्वेस्टर के द्वारा गन्ने की कटाई की व्यवस्था कराई जा सके और मजदूर की कमी को मशीनीकरण के माध्यम से कम किया जा सके। चीनी मिल द्वारा नि:शुल्क नेत्र जांच, नि:शुल्क चश्मा वितरण, खून की जांच (सी.बी.सी., ब्लड शुगर, के.एफ.टी., एल.एफ.टी.) के लिए कैंप भी लगाया गया। अधिशासी उपाध्यक्ष सुशील कुमार ने कहा कि यह समय गन्ने में मिट्टी चढ़ाई एवं गन्ने की बंधाई के लिए उपयुक्त समय है। उपाध्यक्ष (गन्ना) डॉ. रजनीश सिंह ने बताया कि चीनी मिल द्वारा कीटनाशक दवाओं के स्प्रे के लिए टैंकर नि:शुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है और भूमि शोधन हेतु ट्राईकोडर्मा अनुदानित दर पर उपलब्ध कराया जा रहा है। इस अवसर पर गन्ना शोध संस्थान मुजफ्फरनगर डॉ. प्रमोद सिंह, सहायक महाप्रबंधक, गन्ना विकास सचिव, जोन प्रबन्धक, गन्ना सुपरवाइजर और करीब 350 से अधिक कृषक मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता गन्ना समिति सभापति अमित चौधरी और संचालन जीएम गन्ना प्रमोद कुमार, गन्ना प्रबंधक मुकेश शर्मा ने संयुक्त रूप से किया।

# बिजली की रोस्टिंग न की जाए, जर्जर लाइनें सही कराए



नजीबाबाद (चिंगारी)। भारतीय किसान यूनियन की बैठक में ग्रामीण क्षेत्र की बिजली आपूर्ति 8 की जगह 12 घंटे कराने सहित अनेक मांगें की गई। भाकियू के युवा प्रदेश महासचिव वरिन्दर सिंह बाठ ने इस संबंध में विद्युत वितरण खण्ड नजीबाबाद के अधिशासी अभियंता को भेजे पत्र में कहा कि ग्राम मथुरापुर मोर के अंतर्गत बिजलीघर 33/11 सब स्टेशन बड़िया में आने वाले सभी फीडर जंगल के पास होने की वजह से गुलदार का भय है। इसलिए रात को बिजली की रोस्टिंग ना की जाए। साथ ही क्षेत्र की बिजली की लाइनों में सुधार किये जाने, कृषि के लिए आपूर्ति की जाने वाली बिजली 8 घंटे के स्थान पर 12 घंटे किये जाने, ओवरलोड ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाने, ट्यूबवैल के नए कनेक्शन पर ट्रांसफार्मर लगाने तथा जो उपभोक्ता स्मार्ट मीटर नहीं लगवाना चाहते उनके पुराने मीटर न बदलने की मांग की गई। इस मौके पर वारिन्दर सिंह बाठ, बलविंदर सिंह, मनप्रीत सिंह, नरपदिर बाठ, निशान सिंह बाठ, मनु खैरा, अर्शदीप, बिन्नी कुमार, मुकेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# आयुष ने रेस में पाया स्थान, प्रधानाचार्या से सम्मान पाया



रेस स्थान पाने वाले छात्र आयुष को सम्मानित करती प्रधानाचार्या।

नजीबाबाद (चिंगारी)। सीबीएसई क्लस्टर में वालिया ग्लोबल एकेडमी के छात्र आयुष ने 100 मीटर रेस में द्वितीय व 200 मीटर में तृतीय स्थान प्राप्त किया। सीबीएसई कलस्टर की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन पुलिस मॉडर्न सीनियर सैकेन्ड्री स्कूल (हरिद्वार) में सम्पन्न हुआ। वालिया ग्लोबल एकेडमी के दसवीं कक्षा के छात्र आयुष ने इस प्रतियोगिता में भाग लेकर 100 मीटर की दौड़ में द्वितीय एवं 200 मीटर में तृतीय स्थान प्राप्त कर अपना परचम फहराया, जिसके लिए उसे रजत पदक एवं कास्य पदक देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रार्थना स्थल पर विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती अनीता सिवाच ने आयुष को सम्मानित करते हुए कहा कि विद्यालय हमेशा से बच्चों को खेलकूद प्रतियोगिताओं के लिए प्रोत्साहित करता रहा है। उन्होंने आयुष को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के कोच मोहित कर्णवाल को सम्मानित करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर अध्यापक दिवाकर त्यागी, कुमुद कुमार, आशुतोष, वैभव भारद्वाज, रश्मि अवस्थी उपस्थित रहे।

# बीएससी में सौम्या प्रथम, निशा द्वितीय व शाहजर तृतीय रहे

नजीबाबाद (चिंगारी)। नार्थ इंडिया ग्रुप ऑफ़ कॉलेजेस के बीएससी फाइनल का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय, बरेली द्वारा आयोजित परीक्षा के बीएससी 6 जी सेमेस्टर में सौम्या बिष्ट ने क्लास में सर्वाधिक 76.80 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, निशा ने 74.70 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय एवं शाहजर अहमद ने 71.80 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर नार्थ इण्डिया ग्रुप आफ कॉलेज के प्रबंध निदेशक इंजीनियर अवनीश अग्रवाल, कार्यकारी निदेशक अभिनव अग्रवाल व कॉलेज प्राचार्या डॉ. नीलावती आदि ने सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संस्थान के प्रबन्ध निदेशक इंजी. अवनीश अग्रवाल ने सभी विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए छात्र-छात्राओं से कहा कि उनकी यह उपलब्धि न सिर्फ उनके लिए, बल्कि उनके परिवार व शिक्षकों के लिए भी गर्व का विषय है। वह अपने लक्ष्य को हासिल करने हेतु निरंतर प्रयास करते रहें संस्थान सदैव उनके हित के लिए तत्पर है। प्राचार्या डॉ. नीलावती ने इस उपलब्धि का श्रेय सहायक प्राध्यापक डॉ. नीलम राज, सुश्री शादमा परवीन, श्रीमती ज्योति तेजवान, विष्णु दत्त शर्मा आदि को दिया।



निशा सौम्या बिष्ट शाहजर अहमद

# मंडावली थाने से आरोपी हुआ था फरार, पुलिस ने तीन दिन बाद किया गिरफ्तार

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। मंडावली थाने से एक किशोरी को भगाने का आरोपी नितिन कश्यप पुत्र जयभगवान निवासी भोगपुर थाना लक्सर (उत्तराखंड) 16 जुलाई को फरार हो गया था, जिससे मंडावली पुलिस में हड़कंप मच गया था। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश को लाइन हाजिर कर दिया था। फरार हुए आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस टीम लगाई गई थी। पुलिस ने आरोपी को पकड़ने के लिए कई जगह छापे मारकर उसकी तलाश की मगर शुरू में पुलिस को सफलता नहीं मिली। मगर बाद में पुलिस ने आरोपी नितिन कश्यप को पकड़ लिया। पकड़ा गया आरोपी कुछ दिन पहले एक किशोरी को बहला फुसलाकर ले गया था। सीओ नजीबाबाद आकांक्षा गौतम ने बताया कि मंडावली थाने से फरार आरोपी नितिन कश्यप को पुलिस टीम द्वारा पकड़ लिया गया है, उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है।



# सुमन वर्मा ने नमो फाउंडेशन को पौधे भेंट किये

नजीबाबाद (चिंगारी)। नमो फाउंडेशन के कोषाध्यक्ष रविंदर काकरान को रमेशननगर निवासी सामाजिक कार्यकत्री सुमन वर्मा द्वारा पर्यावरण पखवाड़ा के तहत पौधे समर्पित किए गए। इस मौके पर काकरान द्वारा पर्यावरण पर जनता के नाम संदेश दिया गया जिसमें यह विस्तार से बताया गया कि पर्यावरण क्यों जरूरी है। कार्यक्रम में सुरेंद्र जेटली, जितेंद्र कक्कड़, रमेश चंद वर्मा, विजय कुमार, कनिका वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# पुंछ में बाढ़ और भूस्खलन ने मचाई तबाही, सुरनकोट में 11 लोगों की मौत

**पुंछ (एजेंसी/चिंगारी)।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में भारी बारिश ने भारी तबाही मचा दी है। शनिवार देर रात से रविवार सुबह तक हुई मूसलाधार बारिश के कारण कई इलाकों में अचानक बाढ़ और भूस्खलन की घटनाएं सामने आई। हादसों में अब तक 11 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि कई लोग लापता बताए जा रहे हैं। वहीं कम से कम चार लोग घायल हुए हैं, जिनमें तीन बच्चे भी शामिल हैं। जिले की सुरनकोट तहसील में बारिश का सबसे ज्यादा असर देखने को मिला है। यहां कई घर भूस्खलन की चपेट में आ गए। प्रशासन, पुलिस और सेना की टीमें लगातार राहत एवं बचाव अभियान चला रही हैं। लोअर मड़ा गांव में भूस्खलन से एक मकान मलबे में दब गया। इस हादसे में मकान मालिक मोहम्मद लतीफ और उनके परिवार के पांच अन्य सदस्य लापता हो गए। राहत एवं बचाव अभियान के दौरान मलबे से आठ शव बरामद किए गए हैं। संगलेयानी गांव में मकान गिरने से 18 वर्षीय युवक की मौत हो गई। वहीं मरहोट गांव में इरम नाम की नाबालिग लड़की तेज बहाव वाले नाले में बह गई और उसकी मौत हो गई।

## सहारनपुर में ओवैसी का बड़ा एलान

# भाजपा को हराने के लिए गठबंधन को तैयार



**सहारनपुर (एजेंसी/चिंगारी)।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख और सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि दूसरे राजनीतिक दल हम पर आरोप लगाते हैं कि हमारी पार्टी सांप्रदायिक पार्टी है। हम कभी किसी समुदाय के खिलाफ नहीं है। भाजपा को रोकने के लिए अन्य पार्टियों से गठबंधन करने के लिए तैयार हूं। मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि आपकी नाक के नीचे चोरी हो गई, जो स्कैनर लगना था। वह आस्था के लिए नहीं, बल्कि लूट के लिए लगाया गया। सांसद असदुद्दीन ओवैसी शनिवार को चिलकाना रोड पर आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने भाजपा, कांग्रेस और सपा पर निशाना साधा। कहा कि आपने सबसे अधिक बार कांग्रेस को प्रदेश की सत्ता में बैठाया। इसके बावजूद सबसे अधिक बेरोजगार हमारे समाज में है। भाजपा सरकार जुल्म कर रही है। जहां पर भी मस्जिद को तोड़ने की बात होगी। हम अपनी आवाज संविधान के दायरे में उठाएंगे। यदि जुल्म के खिलाफ आवाज उठाना सांप्रदायिक है तो मैं जुल्म के खिलाफ अपनी आवाज उठाता रहूंगा। मैं फिरकापरस्त नहीं, बल्कि इंसाफ परस्त हूं। उन्होंने कहा कि जिस समाज ने अपना झंडा और अपना नेता बनाया है उन्हें ही इंसाफ मिला है।

खुल गया! खुल गया!





श्री लाइट

सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।



पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर

बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट

Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans




सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज

नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर

मो. 9897024836, 8800092476



# दिव्य आध्यात्मिक संस्थान है परमार्थ निकेतन : न्यायमूर्ति मनोज कुमार

## उत्तराखण्ड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस का चिदानन्द ने किया स्वागत



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता सपरिवार परमार्थ निकेतन आये। जहां उन्होंने स्वामी चिदानन्द सरस्वती के सान्निध्य में गंगा आरती में सहभाग करके मां गंगा से राष्ट्र, समाज तथा समस्त मानवता के कल्याण की प्रार्थना की। स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने मुख्य न्यायाधीश का रुद्राक्ष का दिव्य पौधा भेंट कर अभिनन्दन किया। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड ने विश्व को यह सिखाया कि वास्तविक प्रगति केवल भौतिक समृद्धि में नहीं, बल्कि आत्मिक उन्नति, करुणा, सद्भाव और सार्वभौमिक कल्याण में निहित है। यही कारण है कि आज भी यह पावन धरा विश्वभर के साधकों, चिंतकों और श्रद्धालुओं के लिए प्रेरणा, शान्ति और आध्यात्मिक प्रकाश का अनन्त स्रोत बनी हुई हैं।

स्वामी जी ने कहा कि भारत की प्राचीन ज्ञान परम्परा और आधुनिक वैज्ञानिक दृष्टि का समन्वय ही विकसित भारत की वास्तविक पहचान है जब विज्ञान, संस्कार और संकल्प एक साथ आगे बढ़ते हैं, तब राष्ट्र नई ऊंचाइयों को प्राप्त करता है और विश्व के लिए प्रेरणा बनता है। न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता ने कहा कि परमार्थ निकेतन एक दिव्य आध्यात्मिक संस्थान है, आत्मिक शान्ति, सकारात्मक ऊर्जा और मानवीय मूल्यों का जीवंत केन्द्र है।

## छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए अभिभावक सम्मेलन में शिक्षकों ने विचार व्यक्त किए

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** ढालवाला स्थित पुष्पा बडेरा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में सीनियर वर्ग 11,12 के छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए अभिभावक सम्मेलन (पीटीएम) आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य विजय वडोनी, शिक्षक वीरेंद्र किशोर गौड, दिनेश चंद्र सकलानी, अनीता भट्ट, नरेश पुंडीर, एवं विपिन डोभाल द्वारा सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन करके किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथियों का अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत किया गया। प्रधानाचार्य विजय बडोनी ने कहा कि अभिभावक सम्मेलन का उद्देश्य माता-पिता और शिक्षकों के बीच एक मजबूत साझेदारी का निर्माण करना है। विद्यालय के शिक्षक वीरेंद्र किशोर गौड़ ने कहा कि छात्र के परीक्षा परिणाम, नियमित दिनचर्या, अंक और कमजोरी पर स्पष्ट चर्चा करना भी जरूरी है ताकि बोर्ड परीक्षा या उच्च शिक्षा के लिए समय रहते सुधार किया जा सके। दिनेश चंद्र सकलानी ने विचार प्रकट करते हुए कहा कि सम्मेलन का उद्देश्य किशोरावस्था में होने वाले व्यवहारगत परिवर्तन, दोस्तों की संगति और सोशल मीडिया के उपयोग पर रचनात्मक संवाद है। शिक्षिका अनीता भट्ट ने कहा कि छात्रों के समग्र विकास के लिए घर एवं विद्यालय दोनों जगह पर अनुशासित एवं सकारात्मक वातावरण तैयार किया जाये। विद्यालय के शिक्षक नरेश पुंडीर ने विचार प्रकट करते हुए कहा कि छात्र नियमित दिनचर्या का पालन करते हुए लक्ष्य निर्धारित करें।

# 4 हजार पेड़ों के कटान के विरोध में आंदोलन कर रहे पर्यावरण प्रेमियों से राहुल ने की मुलाकात

## इसके बाद सरकार हरकत में आई, पेड़ों के कटान पर रोक लगाई : उनियाल



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष मोहित उनियाल ने कहा कि एयरपोर्ट, ऋषिकेश मार्ग के सात मोड़ पर लगभग 4000 पेड़ों के प्रस्तावित कटान के विरोध में पिछले 11 दिनों से शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे पर्यावरण प्रेमियों से मिलकर उनकी पीड़ा और संघर्ष को सुनने के लिए नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि कल शाम छात्रों की गूंज कार्यक्रम से एयरपोर्ट लौटते समय राहुल गांधी ने आंदोलनकारियों से मुलाकात कर उनकी बात गंभीरता से सुनी। उन्होंने उत्तराखंड कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल को इस पूरे मामले को प्राथमिकता के साथ उठाने तथा कांग्रेस पार्टी की ओर से आंदोलनकारियों को हरसंभव सहयोग देने के निर्देश दिए।मोहित उनियाल ने कहा कि जब पुलिस और प्रशासन द्वारा आंदोलनकारियों पर दबाव बनाए जाने की शिकायतें सामने आ रही थीं, ऐसे समय में राहुल गांधी का आंदोलनकारियों के बीच पहुंचना यह स्पष्ट संदेश है कि पर्यावरण संरक्षण और जनभावनाओं की आवाज़ को दबाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि पर्यावरण की रक्षा के लिए संघर्ष कर रहे साथी अब अकेले नहीं हैं, बल्कि उनके साथ राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी मजबूती से खड़ी है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी द्वारा आंदोलनकारियों से मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री द्वारा पेड़ों के कटान पर रोक लगाने का निर्णय लिया गया। यह पर्यावरण प्रेमियों के शांतिपूर्ण संघर्ष, जनदबाव और जनभावनाओं की बड़ी जीत है। मोहित उनियाल ने कहा कि आज पेड़ों के कटान पर रोक जरूर लगी है, मगर यह केवल एक पड़ाव है, मंज़िल नहीं। उन्होंने कहा कि यह जीत उन सभी पर्यावरण प्रेमियों, स्थानीय नागरिकों, युवाओं और संघर्षरत साथियों की है जिन्होंने लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण तरीके से अपनी आवाज़ बुलंद की।

## हरेला पर्व पर विद्यालय में किया पौधारोपण

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** हरेला सप्ताह के अंतर्गत मेहरबान सिंह कंडारी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के सहयोग से पौधारोपण किया गया। पौधारोपा कार्यक्रम का आरंभ विद्यालय प्रधानाचार्य चंदन नकोटी ने किया। परिषद के संरक्षक जी के बड़थ्वाल ने कहा कि पौधे इस भूमि के केवल श्रृंगार ही नही बल्कि जीवन के लिए उपहार है। प्रधानाचार्य चंदन नकोटी ने कहा कि आज के पर्यावरण में हो रहे लगातार असंतुलन को रोकने का पौधारोपण ही एकमात्र उपाय है। तत्पश्चात विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार सहित परिषद के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## महाविद्यालय में स्टूडेंट हेल्प डेस्क संचालित

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोटद्वार स्थित राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और छात्र-हितैषी बनाने के लिए स्टूडेंट हेल्प डेस्क संचालित की जा रही है। हेल्प डेस्क के माध्यम से नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को प्रवेश, दस्तावेज सत्यापन, समर्थ पोर्टल पंजीकरण समेत विभिन्न शैक्षणिक प्रक्रियाओं की जानकारी और आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया जा रहा है। हेल्प डेस्क पर कार्य कर रहे छात्र प्रतिनिधि सौरभ रावत, दीपक और साहिल ने बताया कि नव प्रवेशी छात्रों की मदद के लिए ही स्टूडेंट हेल्प डेस्क संचालित की जा रही है। प्रवेश संबंधी किसी भी समस्या के समाधान के लिए नव प्रवेशी छात्र डेस्क से सहायता ले सकते हैं।

# लोकगायक धर्मेन्द्र रावत के संगीत वीडियो 'जय बदरीनाथ' का लोकार्पण



**कोटद्वार ( चिंगारी )।** विधान सभा अध्यक्ष श्रीमती ऋतु खंडूड़ी ने लोकगायक धर्मेंद्र रावत का देवभूमि गढवाल और भजनों पर केंद्रित संगीत वीडियो 'जय बदरीनाथ' यूट्यूब पर जारी किया। अपने आवास पर आयोजित इस लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्रीमती खंडूड़ी ने कहा कि देवभूमि गढवाल की संस्कृति व परंपरा समृद्ध है। यह अंचल अनेक विशेषताओं को समेटे हुए है, जो पूरे देश में इसे विशिष्ट स्थान प्रदान करते हैं। उन्होंने लोकगायक धर्मेंद्र रावत के संगीत वीडियो 'जय बदरीनाथ' की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने बहुत प्रभावशाली ढंग से देवभूमि की विशेषताओं को इस वीडियो के माध्यम से व्यक्त किया है। उन्होंने श्री रावत व उनकी पूरी टीम को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वह गढवाल की धरोहर और इसकी धार्मिक, सांस्कृतिक परंपराओं को आगे बढाने का प्रयास जारी रखें। इस अवसर पर वीडियो के निर्माता मुकेश गौड़, रमेश ममगांई, अरविंद डबराल, योगेश शर्मा, सरिता रावत, सुषमा ममगांई आदि उपस्थित थे।

# विद्या मंदिर में भाषण प्रतियोगिता आयोजित विजयी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** हरेला सप्ताह के तहत जानकीनगर स्थित रितेश शर्मा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय के मीडिया प्रभारी आचार्य रोहित बलोदी ने बताया कि हरेला पर्व के मुख्य दिवस पर अवकाश होने के कारण विद्यार्थियों ने अपने-अपने घरों में अभिभावकों के साथ औषधीय, फलदार और छायादार पौधों का रोपण किया। अवकाश के बाद विद्यालय खुलने पर हरेला पर्व के सांस्कृतिक, सामाजिक व पर्यावरणीय महत्व विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता के सब जूनियर वर्ग में अनुष्का नैथानी ने प्रथम, आराध्या बिष्ट ने द्वितीय और नक्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में केशव प्रथम, आस्था द्वितीय और अपर्णा तृतीय रहीं। वहीं, सीनियर वर्ग में नवीन सिंह ने प्रथम, अभिनव नेगी ने द्वितीय और आकांक्षा ने तृतीय स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में नंदिनी नैथानी, संगीता कुकशाल और सुबोध ध्यानी आदि शिक्षक शामिल रहे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# 20 जुलाई को आजादी का दूसरा आंदोलन

**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** सफदरजंग अस्पताल में भर्ती पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की ओर से उनकी पत्नी गीतांजलि के माध्यम से एक हस्तलिखित संदेश जारी किया गया है। इस संदेश में उन्होंने 20 जुलाई को होने वाले कार्यक्रम को 'आजादी का दूसरा आंदोलन' बताते हुए लोगों से संसद मार्च में शामिल होकर इसे सफल बनाने की अपील की है। हस्तलिखित

## वांगचुक का नया संदेश, फिर बढ़ेगा आंदोलन?

संदेश में सोनम वांगचुक ने लिखा है, 'आजादी का दूसरा आन्दोलन, जय मुक्त भारत, अन्याय मुक्त भारत।' इसके साथ उन्होंने अंग्रेजी में Freedom from injustice (Like paper leaks)' और 'Freedom from Fear (my illegal detention); यानी अन्याय (जैसे पेपर लीक) से आजादी और डर से आजादी (मेरी कथित अवैध हिरासत) का उल्लेख किया है। संदेश में आगे सोनम वांगचुक ने 20 जुलाई को संसद मार्च को सफल बनाने की अपील की है। संदेश के अंत में उन्होंने लिखा, यह संदेश उनकी पत्नी गीतांजलि के माध्यम से सफदरजंग में अपनी 'कथित अवैध हिरासत' से भेजा गया है। गौरतलब है कि सोनम वांगचुक को जंतर-मंतर से हटाए जाने के बाद सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल, सोनम डॉक्टरों की निगरानी में हैं और अस्पताल की ओर से जारी हेल्थ अपडेट के अनुसार उनके वाइटल पैरामीटर स्थिर हैं, हालांकि उन्हें विशेषज्ञ डॉक्टरों की निगरानी में रखा गया है।

## जेएनयूटीए ने जंतर-मंतर पर पुलिस कार्रवाई की कड़ी निंदा की

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (जेएनयूटीए) ने जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों और अभिभावकों पर पुलिस द्वारा की गई कथित बर्बर कार्रवाई की कड़ी निंदा की है। जेएनयूटीए ने इसे लोकतांत्रिक असहमति पर एक शर्मनाक और तानाशाही हमला करार दिया है। जेएनयूटीए का मानना है कि यह कार्रवाई उन नागरिकों के खिलाफ राज्य की शक्ति का दुरुपयोग है, जिन्होंने युवाओं के भविष्य को नुकसान पहुंचाने वाली नीतियों के लिए जिम्मेदार सत्ता से सवाल पूछने का साहस किया।





DISTANCE AND ONLINE COURSES
➢MBA ➢MCA ➢M LIB
➢MA (JMC) ➢M.Sc
➢BBA ➢BCA ➢B LIB
➢BA (JMC) ➢B.Sc
ASIAN INSTITUTE OF HIGHER EDUCATION
MORADABAD ROAD NEAR ROOTS SCHOOL BIJNOR
PH. 9410600428, 9868264774

आवश्यकता है
R.P.S. INTERNATIONAL SCHOOL
(C.B.S.E. Patteran An English Medium)
ग्राम फतेहपुर कलां, बिजनौर को कक्षा एक से कक्षा 8 तक सभी विषयों हेतु अध्यापक/अध्यापिकाओं की आवश्यकता है। इच्छुक व्यक्ति तुरंत सम्पर्क करें। वेतन योग्यतानुसार। स्टाफ के लिये आने व जाने की सुविधा।
मो. 8394838034, 8954568123, 9359888044







